प्रथम श्रावण कृष्ण पक्ष- 3, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 92 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

15 सितंबर 2023 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

25 अधिकतम

22 न्यूनतम



Page- 7

### एमसीयू के दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति ने छात्रों को दी समझाइशें

# विकास को राजनीति के चश्में से न देखें एजेंडा सेट करना पत्रकार का काम नहीं



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज यहां कहा कि देश के विकास को राजनीति के चश्में से नहीं देखना चाहिए। पत्रकार का काम किसी राजनीतिक दल का हितकारी होना नहीं होता। उसका काम कोई एजेंडा सेट करना भी नहीं होता। वे माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के नए परिसर में पहली बार आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

धनखड़ ने कहा प्रेस की स्वतंत्रता तभी हो सकती है जब वो सकारात्कमक हो। विकास की चर्चा का मतलब किसी राजनीतिक दल की तारीफ करना नहीं है। पत्रकारों को विकास देखने जाना चाहिए। उन्होंने कहा मध्यप्रदेश ने कई मुकाम हासिल किए हैं। प्रधानमंत्री ने जब मेरा राज्यसभा में परिचय कराया। उन्होंने मुझे कृषक पुत्र कहा। उसी ओर ध्यान देकर मैं बताऊंगा। आपके प्रांत में कितना बदलाव आया है। और पत्रकारों ने वो क्यों नहीं दिखाया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने इस समारोह को ओंकारेश्वर से वचुर्अली संबोधित किया। उपराष्ट्रपति ने संस्थान के विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। इससे पहले उपराष्ट्रपति ने परिसर 'माखनपुरम' का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल भोपाल सांसद प्रज्ञा ठाकुर भी मौजूद थे। विवि के कुलपति डॉ .केजी सुरेश ने बताया कि दीक्षांत समारोह लंबे समय से लंबित था एवं बीच में कोरोना काल के कारण नहीं हो पाया था।

### छात्रों ने पहनी परंपरिक पोषाक



खास बात यह रही कि एमसीयू के विद्यार्थी पारंपरिक भारतीय परिधान में नजर आए। पुरुष विद्यार्थी जहां कुर्ता-पायजामा और सिर पर साफा पहने हैं। वहीं महिला विद्यार्थी साड़ी और साफे में नजर आ रही हैं। इस पर धनखड़ ने कहा, यहां विद्यार्थियों के पारंपरिक विधान अंग वस्त्र देख मुझे बहुत खुशी हो रही है। मुझे चारों दिशाओं की झलक यहां दिख रही है। इसकी झलक जी-20 सम्मेलन में देखने मिली है। आपके इस ड्रेस कोड को सदा याद रखूंगा। बताया जाता है कि समारोह में धारण किए जाने वाले अंग वस्त्र केरल से मंगाए गए।

## महिलाओं को सस्ते गैस सिलेंडर की शुरुआत

### मप्र में उज्जवला योजना की 82 लाख व लाड़ली बहना योजना की कनेक्शनधारी महिलाएं दायरे में



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** विधानसभा चुनाव के ठीक पहले महिलाओं को मेहरबान शिवराज सरकार आज सस्ते गैस सिलेंडर योजना की शुरूआत कर रही है, इसके तहत अभी सिर्फ उज्जवला योजना के कनेक्शनों को साढ़े चार सौ रुपए में गैस रिफिलिंग की सुविधा मिल जाएगी। खास बात यह है कि करीब तीन महीने पहले मप्र कांग्रेस ने पांच सौ रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की वादा किया था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज टीकमगढ़ से सिलेंडर रीफिलिंग योजना की शुरूआत कर रहे हैं। बताया गया अभी उज्जवला योजना के अंतर्गत पंजीकृत 82 लाख उपभोक्ता के अलावा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पंजीकृत लगभग 15 लाख महिलाएं (एलपीजी कनेक्शनधारी) भी इसकी पात्र हो सकती हैं। दरअसल, उज्जवला योजना की कई हितग्राही महिलाएं लाड़ली बहना योजना की भी हितग्राही हैं। हितग्राहियों की पहचान का काम सभी आयल कंपनियां से प्राप्त डेटा के आधार पर शासन द्वारा भी किया जाएगा। पंजीकृत हितग्राहियों की जानकारी 25 सितंबर से पोर्टल पर प्रदर्शित होगी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि योजना पर वार्षिक 1,200 करोड़ रुपए का वित्तीय भार सरकार पर आ सकता है।

### सुबह से छाए रहे घने बादल

## मौसम: 4 इंच बारिश का अंदेशा, कोटा होगा पूरा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भादौं में बारिश का कोटा पूरा करने में जुटे बादलों ने आज सुबह से भोपाल पर जबर्दस्त घेरा डाल रखा है। सुबह हुई तेज बरसात ने लोगों की दिनचर्या बदल दी है। वहीं मौसम विभाग ने आज भोपाल समेत नर्मदापुराम, रायसेन, छिंदवाड़ा में तेज बरसात की संभावना जताई है, यह सिलसिला कल भी चल सकता है।

राजधानी भोपाल में शुक्रवार सुबह से ही रुक-रुककर तेज बारिश हो रही है। यदि ऐसे ही बारिश होती रही तो अगले 24 घंटे में 4 से 8 इंच तक पानी गिरने का अनुमान है। इससे सितंबर का कोटा आज ही फुल हो सकता है। पिछले 14 दिन में भोपाल में 4.67 इंच बारिश हो चुकी है, जबकि सितंबर की सामान्य बारिश 6.91 इंच है। कोलार रोड के इलाकों में सुबह साढ़े 6 बजे से रिमझिम बारिश शुरू हो गई, जबकि 11 बजे तेज बारिश होने लगी। दिनभर रिमझिम बारिश होती रही। इससे कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। अयोध्या बायपास पर भी मूसलाधार बारिश हो रही है। करोंद, होशंगाबाद रोड, रायसेन रोड, सिटी, छोला, संत हिरदाराम नगर, अशोका गार्डन समेत कई इलाकों में तेज का दौर जारी है।

## राहुल की राय पर टिप्पणी से बचे सिंधिया, बोले- मैंने 20-20 खेला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र में चुनाव के बीच केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक चैनल के कार्यक्रम में हिस्सा लिया और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। हालांकि सिंधिया ने राहुल गांधी को लेकर किए गए सवाल को टाल दिया और खुद को विराट कोहली, वीरेंद्र सहवाग की तरह खेलने वाला बताकर कांग्रेस पर तंज भी कसा, वे बोले मैं इन दोनों की तरह नहीं खेलता तो 20-20 नहीं होता,यानि तीन साल पहले कांग्रेस सरकार नहीं गिरती। सिंधिया ने कहा कि ,मैं अपने अतीत पर ध्यान नहीं देना चाहता हूं, वर्तमान और भविष्य पर ध्यान देता हूं। वो ही व्यक्ति अपने अतीत पर ध्यान देता है, जो अपने अतीत में गुम हो जाना चाहता है।





सिंधिया से पूछा गया कि राहुल गांधी ने कहा था कि आपको बीजेपी में इज्जत नहीं मिलेगी और महत्वाकाक्षाएं ज्यादा थीं तो ज्योतिरादित्य ने कहा, उनकी राय के लिए उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद, मैंने पहले भी काफी कुछ बोला है सब्र तो उनको करना चाहिए।


## सुरजेवाला बरसे सिंधिया पर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र में भाजपा की जनआर्शीवाद यात्रा के जवाब में कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा के रूट मैप को लेकर आज कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सभी जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी और हाइकमान के नियुक्त प्रभारियों की बैठक ली। सुरजेवाला ने जन आशीर्वाद यात्रा में बीजेपी नेताओं के दौरों को लेकर बयान देते हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया पर हमला भी बोल दिया। उन्होंने कांग्रेसी गढ में बीजेपी नेताओं के दौरों को लेकर कहा कि सिंधिया की सिर फुटव्वल सभी हर रोज देख रहे हैं। सिंधिया को कहा जाता है कि आप ग्वालियर- चंबल में मत जाइएगा। वहां जूते बजेंगे। सुरजेवाला ने कहा राकेश सिंह को यात्रा का प्रभारी बनाकर मंच पर चढ़ने की इजाजत नहीं दी जा रही। वीडी शर्मा को बैरियर से कूदकर स्टेज तक आने की जहमत करनी पड़ रही है। इनके नेता अपमानित हो रहे हैं।

## गोविंदा पर ईओडब्ल्यू का शिकंजा, हजार करोड़ के स्कैम का आरोप


**मुंबई, एजेंसी।**



अभिनेता गोविंदा मुश्किलों में फंसते दिख रहे हैं । उनका नाम एक हजार करोड़ के पैन इंडिया ऑनलाइन पॉन्जी स्कैम में आया है। कहा जा रहा है कि गोविंदा से 'द ओडिशा इकोनॉमिक ऑफेंसिस विंग' पूछताछ करेगी। गोविंदा को नोटिस भेजा गया है। बताया जाता है कि गोविंदा ने सोलर टेक्नो अलांयस कंपनी को अपने कुछ वीडियोज में एंडॉर्स किया है। डीएसपी भुवनेश्वर शाश्मिता साहू ने कहा है कि हाई कोर्ट से मिली जानकारी के बाद हमने एसटीए के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। एसटीए ने खुद का टोकन लॉन्च किया है, जिसे एसटीए टोकन नाम दिया गया है. इसे 'भद्रक' पॉन्जी स्कीम या मल्टी-लेवल मार्केटिंग के रूप में प्रमोट किया जा रहा है। इसमें स्कीम के तहत लोगों को जोड़कर एसटीए में शामिल होने के लिए कहा जाता है तथा एक चेन सिस्टम चलता है।

### अभिनेता रियो व श्राफ का निधन





इधर बॉलीवुड और टीवी जगत के दो अभिनेता की मौत की खबर भी आई है। 'दिल चाहता है' फेम एक्टर रियो कपाड़िया का 66 साल की उम्र में निधन हुआ है। निधन का कारण सामने नहीं आया है। रियो को बीते साल कैंसर डाएग्नॉज हुआ था। उन्हें कई टीवी सीरियल्स और बड़ी फिल्मों में देखा गया है। रियो ने आमिर खान, शाहरुख खान और रानी मुखर्जी जैसे सितारों संग काम किया था। वहीं बॉलीवुड अभिनेता सुनील श्रॉफ का निधन हो गया है। उन्होंने कल दम तोड़ा। वे लंबे समय से बीमार थे तथा हाल में रिलीज हुई अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'ओह माय गॉड 2' में नजर आए थे।

## तीन अफसरों के कातिलों को सेना-कमांडोज ने चारों तरफ से घेरा, खात्मा किसी भी वक्त

**श्रीनगर, दोपहर मेट्रो।**

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में सेना और पुलिस के तीन अफसरों और एक जवान के कातिल आतंकियों का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। सुरक्षाबलों ने कोकरानाग पहाड़ी की आड़ में पनाह लिए आतंकियों को घेर रखा है, इन आतंकियों की संख्या तीन तक बताई जा रही है। आतंकियों पर क्वॉडकॉप्टर और ड्रोन से नजर रखी जा रही है। पैरा कमांडो को भी तैनात किया गया है। दोनों ओर से फायरिंग भी हो रही है। सुरक्षाबलों ने साफ कर दिया है कि इन आतंकियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



बताया जाता है कि आतंकियों ने पहाड़ी की आड़ ले रखी है। उनकी लोकेशन ट्रेस करने के लिए सेना हेलिकॉप्टर, क्वाडकॉप्टरों और ड्रोन की मदद ले रही है। बड़ी संख्या में स्पेशल फोर्स की टीमों को तैनात किया गया है। सुरक्षाबलों ने उस इलाके को चारों ओर से घेर रखा है, जहां आतंकी छिपे हैं। बताया जा रहा है कि, अप्रैल में जिस आतंकी मॉड्यूल ने सेना के 5 जवानों पर पुंछ में हमला किया था, उसी माड्यूल ने अनंतनाग हमले को अंजाम दिया है. लश्कर और जैश के आतंकियों को मिलाकर बना ये नया आतंकी माड्यूल 6 महीने से घाटी में एक्टिव है।

दरअसल, मंगलवार को सुरक्षाबलों को अनंतनाग के कोकरनाग में कुछ आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। सुरक्षाबलों ने आतंकियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन शुरू किया था जैसे ही सुरक्षाबल के अधिकारी उस जगह पर पहुंचे, जहां आतंकी छिपे हुए थे, तो आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी,सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष और जम्मू कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट को गोली लग गई बाद में तीनों की मौत हो गई। आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा की शाखा टीआरएफ ने इस आतंकी वारदात की जिम्मेदारी ली है। इस हमले में 10 लाख के इनामी आतंकी उजैर का हाथ है।

**मेट्रो एंकर**

### आदित्य को अगले मैनूवर में पृथ्वी से विदा कर दिया जाएगा

# अब धरती के आखिरी आर्बिट में पहुंचा सूर्ययान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का सूर्य मिशन 'आदित्य-एल1' पृथ्वी की अंतिम बाहरी कक्षा में प्रवेश कर गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के मुताबिक आज चौथा अर्थ-बाउंड मैनूवर सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। अब आदित्य-एल1 ने 256 किमी × 121973 की कक्षा प्राप्त कर ली है। आदित्य को अगले मैनूवर में पृथ्वी से विदा कर दिया जाएगा। ट्रांस-लाग्रांजियन पॉइंट 1 इंसर्शन की प्रक्रिया 19 सितंबर को रात 2 बजे पूरी की जाएगी। इसके बाद आदित्यकी एलवी पॉइंट तक की यात्रा शुरू होगी। चौथे अर्थ-बाउंड मैनूवर के दौरान, आदित्य को मॉरीशस, बेंगलुरु, पोर्ट ब्लेयर में इसरो के ग्राउंड स्टेशनों से ट्रैक किया गया। इसरो ने कहा है कि आदित्य के लिए फिजी द्वीप समूह में एक ट्रांसपोर्टेबल टर्मिनल मौजूद है जो आदित्य के पोस्ट-बर्न ऑपरेशन को सपोर्ट देगा।

### नासा बोला- एलियंस से खतरा

उधर अमेरिका एजेंसी नासा के प्रमुख बिल नेल्सन ने कहा है कि उन्हें लगता है कि धरती के बाहरी वातावरण में एलियंस मौजूद हैं। अंतरिक्ष एजेंसी ने अज्ञात असामान्य घटना या फिर यूएफओ पर अपनी रिपोर्ट के पहले निष्कर्ष जारी किए। इसके बाद नेल्सन ने यह बात कही है। उन्होंने ऐलान किया है कि इस पूरे तथ्य की जांच के लिए यूएपी रिसर्च डायरेक्टर की नियुक्ति कर रहे हैं। इस नियुक्ति की सिफारिश एक स्वतंत्र रिसर्च टीम की तरफ से की गई थी। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएफओ की उच्च-गुणवत्ता से जुड़ी खास बातों की सीमित संख्या की वजह से उनकी प्रकृति के बारे में ठोस वैज्ञानिक निष्कर्ष निकालना असंभव है। यूएफओ की स्वतंत्र अध्ययन टीम, कई क्षेत्रों के 16 सामुदायिक विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएफओ अमेरिकी हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए खतरा है और यह बात अपने आप साबित हो चुकी है।

### भोपाल के कुटुंब न्यायालय में पति–पत्नी का अजीब मामला

# पत्नी बात नहीं करती तलाक चाहिए, पत्नी बोली– ज्यादा बोलना पसंद नहीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**महिलाएं अधिक बोले तो परेशानी और कम बोले तो नुकसान। दोनों ही स्थिति में वही फंसती है। ऐसा ही एक मामला भोपाल के कुटुंब न्यायालय में पहुंचा है।**

इस मामले में महिला के पति का दावा है कि उसकी पत्नी कम बोलती है या कभी–कभी तो बोलती ही नहीं है। इसके कारण वह परेशान हो गया है। यहां तक की वह उसे गुस्सा भी दिलाते हैं, तब भी वह ज्यादा नहीं बोलती। एक बार तो उसने पत्नी के सामने बेटी को चांटा मार दिया था, तब भी उसने कुछ नहीं बोला। अब वह पत्नी के कम बोलने से थक चुके हैं और तलाक चाहते हैं। पत्नी का कहना है कि उसे गले में दर्द होता है इसलिए वह कम ही बोलती है और यही उसे पसंद भी है। दोनों की शादी को सा? चार वर्ष होने को है। फिलहाल मामले में कुटुंब न्यायालय काउंसिलिंग कर रहा है।

### पहले कम बोली तो लगा शर्मिली है

पति ने कुटुंब न्यायालय में बताया कि उनकी शादी एक परिचित के माध्यम से हुई थी। वह केवल दो बार मिले थे। तब पत्नी ने ज्यादा बात नहीं की थी तब लगा था कि शायद वह शर्मिली स्वभाव की होगी। लेकिन शादी के बाद भी वही रवैया है जो बर्दाश्त नहीं होता। अब तो शंका होती है कि कहीं यह शादी पत्नी की मर्जी के खिलाफ तो नहीं हुई या फिर कोई और बात है।



फाइल फोटो

### बेटी के साथ मायके में रह रही पत्नी

पत्नी ने बताया कि वह बीते एक साल से मायके में रह रही है। इसका कारण यह है कि पति ने उससे झगड़ा करने के चक्कर में एक साल की बच्ची को चांटा मार दिया था। इसके बाद वह पति से बिना लड़े बेटी के साथ मायके आ गई है। हालांकि पति ने काउंसिलिंग में यह बात मानी है कि उसने बेटी को चांटा मारा था लेकिन इसलिए कि पत्नी को गुस्सा आए ओर वह कुछ बोले। तब भी उसने कुछ नहीं बोला।

### सुप्रीम कोर्ट जाएगा पर्यटन विभाग

# बड़े तालाब की लहरों पर तैरता क्रूज व भागती मोटर बोट थमी, पर्यटक लौटे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर के बड़े तालाब में क्रूज व बोट चलाने पर रोक तो लगा दी है लेकिन यह मामला अभी खत्म नहीं हुआ है। इस बात से नाराज पर्यटन विभाग एनजीटी के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगा। अधिकारियों का दावा है कि इसकी तैयारियां कर ली है। एनजीटी ने यह रोक मंगलवार को एक आदेश जारी कर लगाई थी लेकिन बड़े तालाब में दूसरे दिन बुधवार को संचालन जारी रहा, क्योंकि पर्यटन विभाग उस आदेश का पालन नहीं करवा पाया। गुरुवार को क्रूज बोट के संचालन पर रोक लगाई गई है।

**दो दिन पहले एनजीटी ने लगाई थी प्रदेश के वॉटर बाडीज में बोट व क्रूज के संचालन पर रोक**



### पर्यटकों को लौटना पड़ा

गुरुवार को बड़े तालाब में क्रूज व मोटर बोट का संचालन बंद रहने के कारण बोट क्लब घूमने पहुंचे लोगों को वापस लौटना पड़ा।

### लेकिन माना इलेक्ट्रिक मोटर लगाएंगे

अब पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बड़े तालाब में संचालित मोटर बोट व क्रूज का संचालन डीजल इंजन की बजाए इलेक्ट्रिक मोटर वाले इंजनों से कराएंगे। जिसमें कार्बन उत्सर्जन शून्य होगा और ध्वनि प्रदूषण की स्थिति भी पैदा नहीं होगी।

### अधिकारियों का दावा– क्रूज से नहीं होता कार्बन उत्सर्जन

अब अधिकारियों का दावा किया है कि एनजीटी ने भोजवेटलैंड को छोड़ अन्य जल स्त्रोंतों में फोर स्ट्रोक इंजन वाली बोट चलाने के अनुमति दी है। जबकि स्विट्जरलैंड और जर्मनी समेत अन्य देशों में ऐसी मोटर बोट का संचालन किया जा रहा है। बड़े तालाब में भी जिस क्रूज का संचालन हो रहा था, वह भी जोनडियर कंपनी के फोर स्ट्रोक इंजन से संचालित हो रहा था। इससे कार्बन उत्सर्जन 99.99 प्रतिशत कम होता है। इसी तरह पहले से ही मोटर बोट में फोर स्ट्रोक इंजन का इस्तेमाल हो रहा है। वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी इन मोटर बोट व क्रूज के संचालन पर जीरो कार्बन उत्सर्जन का प्रमाणपत्र दे चुका है।

# विश्व की कल्याण यात्रा के बाद दिव्य युगल का सत्संग

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**



सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी की मानवता के लिए विश्व कल्याणकारी प्रचार यात्राओं के बाद आगमन पर निरंकारी सरोवर बुराड़ी में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली एवं एन.सी.आर. व संतनगर के निरंकारी अनुयायियों ने हिस्सा लिया। सुदीक्षाजी ने कहाकि समाज में हम जिस अवस्था में रह रहे है यदि हमारा जुड़ाव इस निरंकार प्रभु परमात्मा से है तब हम सहज रूप में अपनी भक्ति को निभा सकते है और यह तभी सार्थक है जब हमारा मन सत्संग हेतु पूर्णतः परिपक्व हो। ब्रह्मज्ञान की दिव्य रोशनी हर प्रकार के कष्टों से मुक्त कर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती है। फिर भक्त की अवस्था कुछ इस प्रकार की बन जाती है कि हमारा जितना अधिक जुड़ाव इस निरंकार से होता है हमारी प्रेम भावना उससे ओर अधिक गहरी होती चली जाती है।निरंकारी राजपिता जी ने कहा कि जिस तरह फोन पर बात करने के लिए बैलेंस की जरूरत होती है, उसी तरह जीवन में सार्थक भक्ति की जरूरत होती है।

## मनोज घुसर बने फुटकर व्यापारी संघ गांधीनगर के अध्यक्ष

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



महात्मा गांधी फुटकर व्यापारी संघ गांधीनगर के व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें लगभग 80-90 व्यापारियों ने बैठक में भाग लिया। बैठक में व्यापारियों ने मनोज घुसर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया। नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज घूसर को पुष्पमाला पहनकर बधाई दी गई। संघ का अध्यक्ष विधायक रामेश्वर शर्मा को बनाया गया। घूसर को अध्यक्ष बनने पर तुलसीराम बडगोतिया खूबचंद भागचंदानी, मुन्ना खान, नूर खान, निसार खान, अलीम भाई, गुड्डू, विकास चौकसे, इमरान लाल, अनवर कुरैशी, नानू अहिरवार व अन्य व्यापारियों ने बधाई दी है।

### महानगर बैंक ने मनाया स्थापना दिवस

# 26 सालों में 20 हजार से अधिक ग्राहक जुड़े बैंक सेः वासवानी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**



महानगर नागरिक सहकारी बैंक, संतनगर ने अपना 27वां स्थापना दिवस बैंक मनाया। बेहतर से बेहतर बैंकिंग सेवा का संकल्प संचालक मण्डल ने दोहराया। बैंक के 26 साल के सफर में 20 हजार से अधिक ग्राहक जुड़े हैं। बैंक के अध्यक्ष और मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी ने महानगर बैंक परिवार एवं ग्राहकों को स्थापना दिवस की बधाई दी।

बैंक अध्यक्ष वासवानी ने 14 सितम्बर 1997 को बैंक की स्थापना का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने कहा था कि पंक्ति के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति के लिए महानगर बैंक सदैव तत्पर रहे और सहयोगी सिद्ध होगा। आज तक उनकी सीख पर बैंक खुद को साबित कर रहा है। आज बैंक के ग्राहकों की संख्या 20 हजार से ज्यादा हैं जो बैंक की सेवाओं से संतुष्ट होकर अपना व्यवसाय सुखद पूर्वक करते हुए प्रगति के मार्ग पर राष्ट्रहित में सहयोगी बन रहे हैं। बैंक की वर्तमान में 3 शाखाएं एवं भोपाल नगर के कई स्थानों पर ग्राहकों एवं आमजन की सुविधा के लिए एटीएम मशीन स्थापित की गई हैं।

स्थापना दिवस के मौके पर संत नगर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबूमल रीझवानी, एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने भी बैंक की प्रगति के लिए बधाई दी। बैंक के मुख्य कार्यपालक प्रकाश आसूदानी ग्राहकों का शॉल एवं श्रीफल से स्वागत किया गया। इस मौके पर नरेन्द्र लालवानी, प्रवीण मेहरचंदानी, रामचन्द्र सबनानी, दौलत कोटवानी, संजय प्रेमचंदानी बैंक स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। मुख्य कार्यपालक प्रकाश आसूदानी ने आभार व्यक्त किया।

### बारिश से सड़कों पर परेशानी...



आज सुबह से जारी तेज बरसात के चलते भोपाल के क्षेत्र भानपुर, छोला मंदिर के सामने ही नहीं बल्कि छोला अंडर ब्रिज, भारत टॉकीज पुल के ऊपर तथा भोपाल स्टेशन एक नंबर प्लेटफार्म पर जलजमाव हो रहा है।

**मेट्रो एंकर** | हिन्दी दिवस पर साधु वासवानी स्कूल में कार्यक्रम

# ‘हिन्दी हमारा अभिमान है, अंग्रेजी आवश्यकता’

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो**

हिन्दी दिवस पर साधु वासवानी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से हुई। हिन्दी को अपनाने का संकल्प बच्चों ने लिया। कहा, हिन्दी हमारा अभिमान है, अंग्रेजी आवश्यकता है। प्राचार्या सुतापा जायसवाल ने कहा कि हिन्दी भाषा बोलने पर हमे गर्व होना चाहिए। हिन्दी भाषा हमारे राष्ट्र का गौरव है। हिन्दी के साथ बेहतर कॅरियर की संभावनाएं बढ़ रही हैं। हिन्दी के प्रयोग से हम अपनी संस्कृति से जुड़ते हैं। उप प्राचार्या स्वाति कलवानी ने कहा कि हम अपनी हिन्दी भाषा को भूलते जा रहे हैं और अंग्रेजी को ही अपनी बोलचाल की भाषा मानने लगे हैं।



जबकि, आज नई शिक्षा नीति में भी हिन्दी भाषा पर ही ज्यादा जोर दिया जा रहा है। शिक्षिका ममता जनियानी ने हिन्दी दिवस पर अपने विचार रखे। हिन्दी हमारा अभिमान है और अंग्रेजी हमारी आवश्यकता है। हिन्दी को कभी न भूले आज के दिन यह संकल्प ले कि अपनी भाषा का मान-सम्मान बड़ाएंगें। विद्यालय की शिक्षिका दीक्षा रामनानी ने कविता प्रस्तुत की। छात्रा निशा और सोनम ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में दीपा आहूजा, रुपाली मेशराम, के.एस.मूर्ति, सिमरन मोहनानी, आशू भारानी, मीना शर्मा आदि बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाए एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। संचालन भावना कलवानी ने किया।

## भारतीय चिकित्सा पद्धति के स्नातक की प्रवेश काउंसलिंग आज से शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**पहला चरण 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक, पंजीयन 19 सितंबर तक**

निजी आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी महाविद्लयों के 15 प्रतिशत ऑल इंडिया कोटे की सीटों पर प्रवेश की कार्यवाही एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से 15 सितंबर से शुरू हो रही है। पहले चरण की कार्यवाही 2 अक्टूबर तक चलेगी। प्रथम चरण में पंजीयन 15 से 19 सितंबर तक किया जा सकेगा। इसके बाद मेरिट सूची का प्रकाशन 20 सितंबर को किया जायेगा। इसी दिन रिक्त सीटों की स्थिति प्रदर्शित होगी। अभ्यार्थियों द्वारा महाविद्यालयों की प्राथमिकता क्रम का निर्धारण (च्वाइस फिलिंग, लॉकिंग तथा एडिट), 21 से 24 सितंबर तक किया जा सकेगा। इसके बाद सीट आवंटन 26 सितम्बर को दोपहर 12 बजे किया जायेगा। पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय भोपाल में रिपोर्टिंग कर अभिलेख सत्यापन और अस्थाई प्रवेश प्राप्त करने की तिथि 27 से 29 सितंबर तक निर्धारित की गई है। प्रवेश निरस्तीकरण की कार्यवाही 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक की जा सकेगी। काउंसलिंग के नियम और निर्देशों की विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त की जा सकती है।

# लाड़ली बहनों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी



## 1 सितम्बर से रसोई गैस सिलिंडर मिलेगा सिर्फ ₹450 में

## भैया शिवराज सिंह चौहान आज करेंगे सिलिंडर रीफिलिंग योजना का शुभारंभ

15 सितम्बर 2023 | अपराह्न 3:00 बजे
साई हॉकी स्टेडियम, टीकमगढ़, मध्यप्रदेश

"प्रिय लाड़ली बहनों, रक्षाबंधन के अवसर पर 27 अगस्त को मैंने आप सभी को वचन दिया था कि सावन के महीने में ₹ 450 में आप सभी को गैस सिलिंडर प्राप्त होगा। मैंने यह भी कहा था कि ₹ 450 में गैस सिलिंडर मेरी लाड़ली बहनों को मिले इसकी स्थायी व्यवस्था भी मेरी सरकार करेगी। मैंने वो वचन पूरा करते हुए इसके लिये योजना लागू कर दी है। आप सभी से अपील करता हूं कि इसके लिए बहनें आवेदन भरें ताकि पोर्टल पर पंजीयन हो सके।"

शिवराज सिंह चौहान

### पात्रता

- ऐसी बहनों को पात्रता होगी जो पूर्व से गैस कनेक्शनधारी हों।
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लाभार्थी बहनें भी पात्र होंगी।

### पंजीयन

- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना पोर्टल पर पंजीयन होगा।
- केवल दो दस्तावेज आवश्यक होंगे, एलपीजी कनेक्शन आईडी एवं समग्र आईडी।
- पंजीयन उन सभी केंद्रों पर, जहां लाड़ली बहना योजना का पंजीयन होता है, किया जायेगा।
- शासन ऑयल कंपनी से पात्र बहनों की जानकारी प्राप्त कर, उसका प्रदर्शन 25 सितम्बर को उक्त पोर्टल पर करेगा।
- बहनों की समस्या निराकरण हेतु 'शिकायत निवारण एप्लीकेशन' भी उपलब्ध होगी।

### अनुदान राशि

- पात्रताधारी बहनों को प्रतिमाह अधिकतम एक रीफिल पर अनुदान।
- लाड़ली बहनें ऑयल कम्पनी से कम्पनी की दर पर गैस रीफिल करायेंगी। ₹450 से ऊपर की राशि बहनों के बैंक खाते में रीफंड की जायेगी।
- सावन माह, 4 जुलाई से 31 अगस्त तक गैस रीफिल कराने वाली बहनों को भी अनुदान उनके बैंक खातों में दिया जायेगा।



D11103/23

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि मध्यप्रदेश में दान दें

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन - म.प्र. माध्यम/2023

### सुविचार

`` शतरंज का एक नियम बहुत ही उमदा है, चाल कोई भी चलो पर अपनों को नहीं मार सकते।''

-अज्ञात

## संपादकीय

# महंगाई राहत स्थाई हो तो बने बात

महंगाई शब्द में ही वह करंट है जो अच्छों अच्छों को हिला देता है। यदि महंगाई बेकाबू हो या लंबे समय से बनी हुई हो तो यह घरेलू,आर्थिक,व्यवसायिक से लेकर सियासी समीकरणों तक को खराब करती है। इस वक्त महंगाई को लेकर कई तरह के दावे हैं खासतौर पर यह इसलिये गौरतलब हो जाते हैं क्योंकि देश में पर्व त्योहारों का मौसम रक्षाबंधन से शुरू हो चुका है। कुछ आंकडे कह रहे हैं कि जुलाई की तुलना में अगस्त के दौरान खाद्य वस्तुओं, सब्जियों की कीमतों में कुछ गिरावट आई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मुताबिक अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 6.83 फीसद पर आ गई, जो इससे पहले जुलाई में पंद्रह महीने के उच्चतम स्तर 7.44 फीसद पर थी। वहीं वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक भारत की थोक महंगाई दर अगस्त में लगातार पांचवें महीने निगेटिव जोन में रहीं। अगस्त में होलसेल महंगाई जुलाई के -1.36 फीसदी से बढ़कर -0.52 फीसदी पर आई है। हालांकि इसके 0.6 फीसदी पर रहने का अनुमान लगाया था। लेकिन बहुत खुश होने जैसी स्थिति अभी नहीं है, क्योंकि यह अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित दो फीसद घट-ब? के साथ छह फीसद के दायरे से ऊपर है। खाने-पीने की चीजों की महंगाई दर भी कम हुई है, जो जुलाई के 11.51 फीसद से घट कर अगस्त में 9.94 फीसद पर आ गई है। अगस्त में सब्जियों की महंगाई दर नरम पड़ कर 26.14 फीसद रही जो जुलाई में 37.4 फीसद थी। तेल और वसा उत्पादों, मांस, मछली, अंडा और चीनी आदि की कीमतें भी घटी हैं। जाहिर है, स्थिति पहले के मुकाबले सुधरी है। खाद्य वस्तुओं एवं सब्जियों की कीमतों को लेकर स्थानीय बाजारों का जायजा लें तो सरकारी आंकड़े से इतर तस्वीर दिखती रही है। आम आदमी की जेब अभी भी खुलकर खरीदारी की इजाजत नहीं दे रही है। कई आम उपयोग में आने वाली हरी सब्जियां बाजार में साधारण लोगों की क्रय शक्ति की सीमा से बाहर ही रहीं। अब खुदरा बाजार के ताजा आंक? थो?ी राहत का संकेत तो दे रहे हैं। कुछ हरी सब्जियों की कीमतें अब तक कम नही हुई हैं तो हर घर में इस्तेमाल में आने वाला अदरक और लहसुन कीमतों के लिहाज से इस समय महंगा है। दूसरी ओर, आटा, चावल, गर्म मसाले और दालों की कीमतें चुपचाप ब? रही हैं। हालांकि सरकार अपने स्तर पर कीमतों को काबू करने के प्रयास कर रही है। उसने गेहूं, चावल का भंडार खुले बाजार में जारी करने, चीनी के निर्यात पर रोक लगाने और दलहन-तिलहन के आयात की अनुमति देने जैसे अनेक कदम इस दिशा में उठाए हैं।मगर त्योहारों के मौके पर अगले दो महीने में लोगों को सब्जी, आटा-दाल के अलावा कई अन्य चीजों पर भी पैसा खर्च करना होगा। इस लिहाज से महंगाई की आग पर अगर कुछ पानी प?ता है तो यह निश्चित रूप से गरीब तबके के लिए राहत देने वाला होगा। महंगाई मध्य और निम्न वर्ग के महीने के बजट को सीधे प्रभावित करती है। जैसे ही त्योहार अपने मुकाम पर पहुंचेंगे यानि दीवाली मन चुकी होगी,तब तक पांच राज्यों में चुनाव की बेला आ चुकी होगी और इसके तीन चार महीने बाद लोकसभा चुनाव की बारी आ जाएगी, तो सिर्फ यही मान लिया जाए कि सरकार मंहगाई को काबू करने में पूरी ताकत लगा देगी तो यह राहत का बोध हो सकता है कि अगले छह सात महीने आम आदमी को मंहगाई के मोर्चे पर ज्यादा जूझना नहीं पड़ेगा।

# जनतंत्र की अनिवार्य शर्त स्वतंत्र अभिव्यक्ति

**विश्वनाथ सचदेव**

हाल ही में संपन्न हुए जी-20 आयोजन की 'शानदार सफलता' के बारे में बहुत कुछ कहा जा चुका है। यह बात अपने आप में कम महत्वपूर्ण नहीं कि प्रधानमंत्री मोदी के आलोचक भी यह बात स्वीकार कर रहे हैं कि कुछ सदस्य देशों के विरोध के बावजूद इस सम्मेलन में एक 'सर्वसम्मत' सामूहिक विज्ञप्ति जारी की जा सकी। भारत से लेकर अमेरिका तक के कॉरिडोर का मुद्दा हो या रूस-यूक्रेन का मुद्दा या फिर अफ्रीकी यूनियन को जी-20 का सदस्य बनाने का मामला, इन सबको भारत की दृष्टि से जी-20 की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के रूप में ही गिना जायेगा। जहां तक इस पूरे आयोजन का सवाल है, निश्चित रूप से यह भव्य और शानदार था। मज़ाक में ही सही, पर कहा जा रहा है कि जी-20 के आगामी मेज़बान के लिए आयोजन की यह भव्यता एक बड़ी चुनौती बन जायेगी।आयोजन की समाप्ति पर हमारे प्रधानमंत्री मीडिया से 'मिलने' आये थे। उम्मीद की जा रही थी कि वे संभवत- मीडिया को संबोधित करेंगे, पर वह हाथ हिलाते हुए 'सबको धन्यवाद' कह कर ही उत्सुक मीडिया के सामने से निकल गये। मीडिया की निराशा स्वाभाविक है। सच पूछा जाये तो यह एक मुद्दा है जिसे लेकर भारत में, और भारत से बाहर भी, चर्चा हो रही है। हमारे प्रधानमंत्री प्रेस के सवाल-जवाब से कतराते हैं, यह बात जग-जाहिर है। भाजपा सरकार के दो कार्यकाल पूरे हो रहे हैं। इन लगभग नौ सालों में प्रधानमंत्री का एक भी प्रेस-सम्मेलन में भाग न लेना चर्चा का ही नहीं, आलोचना का विषय भी बना हुआ है। और यह भी सही है कि प्रधानमंत्री मोदी इस आलोचना से परेशान होते हुए भी नहीं दिख रहे। लगता है उन्हें विश्वास है कि उनका मीडिया-प्रबंधन इस आलोचना से आसानी से उबर सकता है।

दुनिया भर के मीडिया कर्मी इस सम्मेलन को कवर करने के लिए आये हुए थे। सबके पास पूछने के लिए कुछ था। खासकर दुनिया के इतने बड़े-बड़े नेताओं का सम्मेलन मीडिया के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। उम्मीद की गयी थी कि सम्मेलन की संयुक्त विज्ञप्ति के जारी किये जाने के अवसर पर राष्ट्राध्यक्षों की द्विपक्षीय वार्ताओं के बारे में बड़े नेता मीडिया से मुखातिब होंगे, पर ऐसा हुआ नहीं। और कहा यह जा रहा है कि सम्मेलन के मेज़बान राष्ट्र भारत ने ऐसा कुछ होने नहीं दिया। भारत-अमेरिका की द्विपक्षीय वार्ता के बाद मीडिया को बहुत उम्मीद थी कि अमेरिकी राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री सामूहिक रूप से मीडिया को संबोधित करेंगे- फिर चाहे यह संबोधन प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान हुए एक-एक सवाल जैसा ही क्यों न हो। पर ऐसा कुछ हुआ नहीं।

यह नहीं बताया जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ आये पत्रकारों को संबोधित करने का अवसर उन्हें नहीं दिया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रवक्ता के अनुसार 'राष्ट्रपति बाइडेन ऐसी प्रेस-वार्ता के लिए तैयार थे, पर मेज़बान राष्ट्र की असहमति के कारण ऐसा हो नहीं पाया।' अपने मीडिया से राष्ट्रपति बाइडेन ने बात तो की, पर भारत में नहीं, इंडोनेशिया में। वहां पहुंचकर उन्होंने यह कहना भी ज़रूरी समझा कि उन्होंने जी-20 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से हुई बातचीत में प्रेस की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा का मुद्दा भी उठाया था। भारत की ओर से अभी तक इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है, पर अपने आप में यह बात कम महत्वपूर्ण नहीं है कि भारत और अमेरिका के नेताओं ने इस विषय पर बातचीत की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने वियतनाम में जाकर बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से 'मानवीय अधिकारों, प्रेस की स्वतंत्रता और सिविल सोसायटी के सम्मान' करने की बात कही थी। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री मोदी जब अमेरिका की राजकीय यात्रा पर गये थे तब भी वार्ता के दौरान यह मुद्दे उठे थे और बाद में चर्चा का विषय भी बने थे।

प्रेस की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा का सवाल जनतांत्रिक मूल्य और आदर्शों के साथ जुड़ा है। अमेरिका और भारत दोनों जनतांत्रिक देश हैं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के संदर्भ में दोनों देश अपनी प्रतिबद्धता घोषित करते रहते हैं। दोनों देशों के संविधानों में इसका स्पष्ट उल्लेख किया गया है। इसीलिए यह बात थोड़ी अजीब लगी थी जब बड़े नेताओं ने मीडिया से सीधे बात करने में अपनी असमर्थता दिखायी। आखिर वह क्या विवशता थी जिसके चलते इस आशय का निर्णय किया गया। इस जी-20 सम्मेलन में मीडिया के लिए विशेष प्रबंध किये गये थे। इस बात की भी सावधानी बरती गयी थी कि मीडिया को दी गयी सुविधाओं का समुचित प्रचार हो। लेकिन सम्मेलन के आखिरी दिन प्रधानमंत्री मोदी का मीडियाकर्मियों के सामने से हाथ हिलाते हुए निकल जाना यह भी बता रहा था कि कहीं कुछ है जो हमारे प्रधानमंत्री को मीडिया से परहेज़ रखने के लिए विवश करता है।

प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का दूसरा कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। वे शायद दुनिया के अकेले ऐसे जनतांत्रिक नेता होंगे जिसने प्रेस से एक निश्चित दूरी बनाये रखना ज़रूरी समझा है। प्रधानमंत्री की एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं हुई पिछले नौ-दस सालों में। एक बार ज़रूर आये थे प्रधानमंत्री पत्रकारों के समक्ष, पर तब उनसे पूछे गये सवालों के जवाब गृहमंत्री अमित शाह ही दे रहे थे। उस 'प्रेस-वार्ता' में प्रधानमंत्री ने पूरा समय चुप्पी साध रखी थी।



यहां यह कहना ज़रूरी है कि अपने इस लंबे कार्य-काल में प्रधानमंत्री जी ने कुछ पत्रकारों से बात अवश्य की है। टीवी पर भी बात करते हुए दिखे हैं प्रधानमंत्री। पर कुल मिलाकर यह ऐसे ही पत्रकार थे जो उनसे यह जानना चाह रहे थे कि 'वह आम काटकर खाना पसंद करते हैं या चूस कर' !

यह विस्मय का चिह्न हटना ही चाहिए। प्रेस की स्वतंत्रता और महता जनतांत्रिक व्यवस्था का अभिन्न और ज़रूरी अंग है। न इसकी उपेक्षा होनी चाहिए, न इसका दुरुपयोग। दुर्भाग्य से जी-20 के इस शानदार आयोजन में यह कमी कहीं न कहीं खलने वाली है। जनतंत्र की जननी कहते हैं हम अपने देश को। आयोजन के दौरान राजधानी दिल्ली में इस आशय के ढेरों पोस्टर भी लगे थे। लेकिन स्वतंत्र और सजग प्रेस की यह जनतांत्रिक शर्त कहीं न कहीं अधूरी रह गयी। इस 'भव्य' और 'सफल' आयोजन के कर्ता-धर्ताओं को यह अवश्य बताना चाहिए कि अमेरिकी पत्रकारों को भी अमेरिका के राष्ट्रपति से बात करने के लिए वियतनाम तक पहुंचने का इंतजार क्यों करना पड़ा? और यह भी कि अमेरिकी प्रवक्ता का यह कहना कितना उचित है कि भारत के प्रधानमंत्री- कार्यालय ने अनुमति नहीं दी थी, अन्यथा राष्ट्रपति बाइडेन तो प्रेस- वार्ता के लिए तैयार थे?

**साभार :** लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। यह उनके अपने विचार हैं।

# राजभाषा के विकास में कृत्रिम मेधा, क्या सहज हो पाएंगी भाषाएं

**उमेश चतुर्वेदी**

यह सच है कि राजनीतिक दांव-पेच और पूर्वाग्रहों के चलते व्यवहारिक तौर पर हिंदी राजभाषा नहीं बन पाई। लेकिन हिंदी देश की भाषा जरूर बन गई है। हिंदी की ताकत समझनी है, तो आपको लंदन और कनाडा के भारतीय समुदायों की आबादी वाले इलाके में जाना होगा, दुबई की सड़कों पर घूमना होगा, ऑस्ट्रेलिया में देखना होगा।

कृत्रिम मेधा के बढ़ते कदम से सवाल उठने लगा है कि हमारी भाषाओं के स्तर पर इससे कितना अंतर आएगा। क्या भाषाएं सहज हो पाएंगी और क्या उनके बीच आपसी संपर्क पहले की तुलना में सहजता से बढ़ जाएगा? यह उम्मीद की जानी चाहिए कि भाषाओं के संदर्भ में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल वाले विशेष उल्लेख या सवाल के अनुवाद की व्यवस्था है। अब तक इस अनुवाद का काम उस भाषा विशेष के अधिकारी विद्वान ही करते रहे हैं। पर कई बार स्थानीय भाषा से तत्काल हिंदी या अंग्रेजी में सहज अनुवाद नहीं हो पाता था। संसद के दोनों सदन अब इसके लिए कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल करने की तैयारी में हैं।



को लेकर जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, वे निर्मूल ही साबित होंगी। अगर ऐसा हो गया, तो भाषायी स्तर पर किस तरह के बदलाव आ सकते हैं? हिंदी दिवस पर यह सवाल कुछ ज्यादा ही गहराई से विचार की मांग करता है।

यह सच है कि राजनीतिक दांव-पेच और पूर्वाग्रहों के चलते व्यवहारिक तौर पर हिंदी राजभाषा नहीं बन पाई। लेकिन हिंदी देश की भाषा जरूर बन गई है। हिंदी की ताकत समझनी है, तो आपको लंदन और कनाडा के भारतीय समुदायों की आबादी वाले इलाके में जाना होगा, दुबई की सड़कों पर घूमना होगा, ऑस्ट्रेलिया में देखना होगा। सिर्फ भारतीय समुदाय नहीं, भारतीय उपमहाद्वीप के देशों, मसलन पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान के लोग भी आपसी बातचीत में हिंदी का प्रयोग करते हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश के लोग तो यूरोप और अमेरिका में खुद को भारतीय ही बताते हैं। भाषाओं को लेकर होने वाली स्थानीय राजनीति को छोड़ दें, तो समूचे भारत में आपसी संपर्क की भाषा हिंदी ही है। इसके बावजूद उत्तर पूर्व और दक्षिण भारत की भाषाओं और संपर्क वाली हिंदी के बीच कई बार बाधाएं आ खड़ी होती हैं। पर लगता है कि कृत्रिम मेधा इस मामले में बड़े सहयोग के रूप में उभरने वाली है। इस दिशा में काम शुरू हो चुका है।

हमारी संसद के दोनों सदनों में सामान्य कामकाज की भाषा अंग्रेजी और हिंदी ही है। पर कई बार सांसद अपनी किसी विशेष बात, किसी विशेष विचार और अपने स्थानीय निर्वाचन क्षेत्र की किसी विशेष स्थानीय समस्या को संसद में उठाते हैं, तब वे अपनी स्थानीय भाषा-जैसे, तमिल, मलयालम, बोडो आदि का प्रयोग करते हैं। सबको पता है कि लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य आम संपर्क के लिए हिंदी या अंग्रेजी में ही सहज हैं। इसलिए ऐसे सांसदों के लिए संसद में भाषा विशेष में होने

इसके नतीजों पर हमें गौर करना होगा। अगर ऐसा होगा, तो भारतीय भाषाओं के बीच कहीं ज्यादा आपसी और सटीक संवाद बढ़ेगा। इसका असर यह होगा कि स्थानीय भाषाओं और राजभाषा के बीच हिचक की जो दीवार खड़ी है, वह दीवार भी धीरे-धीरे गिरने लगेगी। इससे भाषायी आदान-प्रदान बढ़ेगा। हिंदी को राजभाषा के वाजिब सिंहासन पर बैठाने लायक बनाने की जिम्मेदारी जिन हिंदी अधिकारियों या राजभाषा अधिकारियों पर रही है, उन्होंने अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाई। उन्होंने राजभाषा को दुरूह ही बनाया है। ऐसे माहौल में कृत्रिम मेधा से उम्मीद की जा सकती है, जो इस प्रक्रिया को और सहज बनाएगी। जब इसके जरिये भाषाओं के बीच आपसी संपर्क बढ़ेगा, तो उनके बीच राजनीतिक कोशिशों के बावजूद आज जैसी कटुता नहीं रह पाएगी।

इससे भाषाएं आपस में और गहरे तक संपृक्त होंगी। लेकिन हर भाषा का अपना स्थानीय बोध है, अपने क्षेत्र हैं और हर भाषा हर भाषा से सीधे जुड़ती भी नहीं। तब हिंदी की जरूरत और भी ज्यादा होगी और चूंकि कृत्रिम मेधा इस जरूरत में सहज जरिया की भूमिका निभाएगी, इसलिए हिंदी और आगे बढ़ेगी। हां, इस बीच हो सकता है कि कुछ पारंपरिक रोजगार खत्म हो जाएं, जैसे संसद में रिपोर्टर और तत्क्षण अनुवाद के काम करने वाले लोगों की नियुक्ति रोकी गई है। लेकिन जिस तरह कंप्यूटर के आने के बाद नए तरह के काम सामने आए, कृत्रिम मेधा भी वैसे ही रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी। लेकिन आपसी संपर्क के चलते भाषाएं कहीं ज्यादा सहज, कहीं ज्यादा समृद्ध होंगी और इसका फायदा उनके साथ ही राजभाषा को भी मिलेगा।

**साभार :** लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। यह उनके अपने विचार हैं।

## निशाना

### अच्छे नहीं पड़ोसी !



– कृष्णेन्द्र राय

घटनाएं आतंक की ।
तेज़ हुई फिर आज ।।
होगा रहना सजग ।
है लगता कुछ राज ।।
रह कर के चौकन्ना ।
होगी देनी मात ।।
त्वरित कार्रवाई कर ।
है देना आघात ।।
साज़िश करके लगता ।
है बाधा पहुंचाना ।।
बंद इनका करना ।
बजा नया जो गाना ।।
अच्छे नहीं पड़ोसी ।
ये लेना संज्ञान ।।
भाषा में उन्हीं की ।
है छेड़नी तान ।।

## आज का इतिहास

- **1812** – नेपोलियन के नेतृत्व में फ्रांसीसी सेना मास्को के क्रैमलिन पहुंची।
- **1959** - भारत की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा दूरदर्शन की शुरुआत।
- **1982** - लेबनान के निर्वाचित राष्ट्रपति बशीर गेमायेल की पदासीन होने के पूर्व ही बम बिस्फोट में हत्या।
- **1894**– प्योंगयांग की लड़ाई में जापान ने चीन को करारी मात दी।
- **1916** - प्रथम विश्व युद्ध में पहली बार सोम्मे की लड़ाई में टैंक का इस्तेमाल किया गया।
- **1948** - स्वतंत्र भारत का पहला ध्वजपोत आईएनएस दिल्ली बंबई( अब मुंबई) के बंदरगाह पर पहुंचा।
- **1959** - भारत की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा दूरदर्शन की शुरुआत हुई।
- **1971** - हरी-भरी और शांति पूर्ण दुनिया के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध ग्रीन पीस की स्थापना की गई।
- **1981** - वानुअतु संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना।
- **2000** - सिडनी में 27वें ओलम्पिक खेलों का शुभारम्भ।
- **2001** - अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति को अफ़ग़ानिस्तान पर सैनिक कार्रवाई की मंजूरी दी।
- **2002** - न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के अवसर पर भारत, चीन एवं रूस के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित, थाईलैंड के सट्टाहिम में श्रीलंका सरकार व लिट्टे के बीच सीधी वार्ता शुरू।
- **2003** - सिंगापुर के मुद्दे पर विकासशील देशों के भड़क उठने से डब्ल्यूटीओ वार्ता विफल।
- **2004** - ब्रिटिश नागरिक गुरिंदर चड्ढा को वूमैन आफ़ द ईयर सम्मान।
- **2008** - क्राम्पटन गीब्स ने अमेरिका की एमएसआई ग्रुप कंपनी का अधिग्रहण किया।
- **2009** - बंगलूर के मुंदिर शिवराजी ने सब जूनियर बिलियर्ड्स का ख़िताब जीता। पेनसुला फाउंडेशन के चेयरमैन सुब्रतो चटोपाध्याय 2009-10 के लिए आडिट ब्यूरो ऑफ़ सर्कुलेशन के अध्यक्ष चुने गये।
- **973** - अलबेरूनी - एक फ़ारसी विद्वान् लेखक, वैज्ञानिक, धर्मज्ञ तथा विचारक।
- **1861** - मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया- इंजीनियर, वैज्ञानिक और निर्माता।
- **1876** - शरत चंद्र चट्टोपाध्याय- भारतीय उपन्यासकार।
- **1926** - अशोक सिंघल - विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के अध्यक्ष थे।

### गोली कांड का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को आईजी करेंगे पुरस्कृत..

# पेशी से लौट रहे हत्या के आरोपी पर सरेआम गोली चलाने वाले गिरफ्तार

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

परिवार की पुरानी रंजिश को लेकर 11 सितंबर को दिनदहाड़े कोठी बाजार क्षेत्र में एक युवक पर कुछ लोगों ने पिस्तौल से फायर किए जिसमें युवक घायल हो गया था. इस घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरण सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नर्मदापुरम पराग सैनी के निर्देशन में पुलिस टीम थाना कोतवाली द्वारा 48 घण्टो के गोली काण्ड करने वालों को गिरफ्तार करने में प्राप्त की सफलता.

कोठी बाजार स्थित गोरी सेठ की होटल के सामने एक व्यक्ति पर कुछ लोगो ने गोली चलाई थी.पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरण सिंह, अनिविभागीय अधिकारी पुलिस पराग सैनी, थाना प्रभारी थाना कोतवाली सौरभ पांडे तत्काल मौके पर पहुँचे.फरियादी सुरेन्द्र सिंह पिता तुलसीराम राजवंशी जाति कुचबंदिया उम्र 37 साल निवासी हिरणखेडा थाना सिवनी मालवा हाल निवास नारियल खेडा थाना गौतम नगर भोपाल ने बताया कि उसे आरोपीगण निक्की उर्फ रामसागर, जगवीर अर्जुन, सुधीर, विक्रम राजवंशी मुझे जान से मारने की नियत से पिस्टल से हमला किया



### फरार आरोपियों की तलाश जारी है

करीब 02.30 बजे फरियादी सुरेन्द्र अपनी कार से गोरी सेठ की होटल के सामने कार से उतर कर मोबाईल पर बात कर रहा था तभी पीछे से स्वीफ्ट कार से निक्की और निक्की का दोस्त अमन, जो कि गाड़ी की पीछे वाली सीट पर बैठे थे तथा संदीप गाडी चला रहा था नें गाडी सुरेन्द्र के पास चलती गाडी से निक्की ने पीछे से गोली चलाई तथा आगे बढ़ गये फिर संदीप ने गाडी वापस पलटा कर गाडी सुरेन्द्र के पास खड़ी कर दी फिर निक्की और अमन ने गाडी से उतर कर पुनः कई गोलिया चलाई। फिर निक्की, अमन एवं संदीप एंव निक्की का भांजा सूरज एवं उसका दोस्त अलग अलग गाडियो से शहर के बाहर चले गये । थाना कोतवाली नर्मदापुरम की गठित टीम द्वारा आरोपी अमन जैन एवं संदीप को गिरफ्तार किया गया। जिनसे पूछताछ कर मेमोरेण्डम के आधार पर एंव आरोपी निक्की उर्फ रामसागर, अमन जैन एंव संदीप से घटना में प्रयुक्त हथियार देशी हेन्ड मेड कट्टानुमा पिस्टले एव ग्रे रंग की स्वीफ्ट ड्रिजायर कार क्र. एमपी 37 सी 5703 जप्त की। तीनो आरोपीगणों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है एवं बाकि फरार आरोपियों थाना कोतवाली नर्मदापुरम पुलिस टीम द्वारा तलाश की जारी है । उक्त गोली काण्ड का खुलासा करने वाले थाना प्रभारी कोतवाली सौरभ पांडे सहित टीम को पुलिस महानिरीक्षक ने इनाम की घोषणा की है।

है। घायल को तत्काल जिला अस्पताल नर्मदापुरम इलाज हेतु रवाना किया तथा अस्पताल में देहाती नालसी लेख किया। जिसमें घायल सुरेन्द्र ने बताया कि दिनांक 11.09.2023 को मै अपनी कार से नर्मदापुरम कोर्ट पेशी करने आया था जो न्यायालय में पेशी नही होने से मै अपनी कार से दीदी विनीता के घर बालागंज

### ग्राम हिरण खेड़ा के दो भाइयों के परिवार में चल रहा है खूनी संघर्ष ..

जा रहा था कि करीब 03.00 बजे दोपहर गौरी सेठ की नास्ते की दुकान के सामने रोड पर पहुंचा कि पीछे कोर्ट तरफ से स्विफ्ट ड्रिजायर कार से निक्की और उसके साथियों के द्वारा पुरानी जमीनी विवाद को लेकर कार से उतरकर जान से मारने की नियत से मेरे उपर गोलिया चला दिये । जिस पर से थाना कोतवाली नर्मदापुरम में अप.क्र. 728/23 धारा 307,34 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया । पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ. गुरकरण सिंह द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नर्मदापुरम पराग सैनी के नेतृत्व में थाना कोतवाली में 02 टीमो का गठन उक्त अपराध की विवेचना एंव आरोपियों की तलाश एवं सीसीटीव्ही फुटेज के लिये गठित की गयी। उक्त गठित टीमों में सीसीटीव्ही अवलोकन पर ग्रे कलर की स्वीप्ट कार क्र. एमपी 37 सी 5703 पाया गया। घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फूटेज देखने पर कार की पीछे वाली सीट से उतर कर गोली चलाने वाले व्यक्तियों की पहचान निक्की उर्फ रामसागर पिता स्व. मूलचंद राजवंशी उम्र 28 साल निवासी बालाजी मंदिर के पास गांधीनगर इटारसी एवं अमन जैन पिता अजय जैन उम्र 22 के रूप में की गयी। जिनको तत्काल थाना कोतवाली नर्मदापुरम की गठित टीम द्वारा आरोपी निक्की को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर निक्की द्वारा बताया गया कि निक्की के बड़े भाई सुशील राजवंशी की हत्या तुलसीराम के लड़के सुरेन्द्र एवं उसके भाईयों के द्वारा की गयी थी। जिस संबंध में 11.09.2023 को नर्मदापुरम में सुरेन्द्र की कोर्ट पेशी थी। इसीलिये निक्की एंव निक्की के दोस्त अमन जैन, संदीप मांझी पिता हरिशंकर मांझी उम्र 33 साल निवासी बुधनी (स्वीफ्ट ड्रिजायर का चालक), नीरज उर्फ पप्पू तिवारी, निक्की का भांजा सूरज एवं उसके दोस्त के द्वारा सुरेन्द्र को जान से खत्म करने की योजना बनायी गई । निक्की के भांजे सूरज एवं उसके दोस्त सफेद कलर की फोर्ड कार से सुरेन्द्र की रैकी कोर्ट के आस पास घुमकर कर रहे थे । तथा नीरज उर्फ पप्पू तिवारी कोर्ट के बाहर सुरेन्द्र की रैकी कर रहा था।

# हिंदी हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक है




**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

एसडीएएम महाविद्यालय मे हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र आदर्श सोनी द्वारा किया गया।कार्यक्रम के अंन्तर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थीयों द्वारा हास्य कविताएं प्रस्तुत की गई ।महाविधालय की बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा प्राची राजपूत और बीए प्रथम वर्ष के छात्र आकिब खान के द्वारा मनमोहक हास्य कविता प्रस्तुत की गई । महाविद्यालय के रजिस्ट्रार द्वारा छात्र छात्राओं को हिंदी की महत्ता के बारे मैं बताया गया की हिंदी हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है हिन्दी संवैधानिक रूप से भारत की राजभाषा और भारत की सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। भारत को छोड़कर अन्य देशों मैं भी बोली जाती। महाविधालय की शिक्षिका श्रीमती सविता राजवेध द्वारा बताया गया की हिन्दी भाषा का प्रमुख गुण है - दूसरी भाषा के शब्दों को अपनाना।

## दस्तक एवं मिशन इंद्रधनुष अभियान में लापरवाही पर सीएमएचओ ने की कार्यवाही..

**नर्मदापुरम।** जिले में दस्तक अभियान एवं संघन मिशन इंद्रधनुष में 11 से 16 सितम्बर 2023 तक 0 से 5 वर्ष बच्चों व गर्भवती माताओं का टीकाकरण किया जा रहा है।14 सितंबर को डॉ. दिनेश देहलवार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा हाईरिस्क ऐरिया वार्ड 17 सिविल लाईन राज मेडिकल के पास निरीक्षण किया गया। टीकाकरण से छुटे हुये बच्चो का वैक्सीनेशन कराया गया। दस्तक व मिशन इन्द्रधनुष अभियान में लापरवाही कर रहे शहरी नोडल अधिकारी संविदा चिकित्सा अधिकारी डॉ. अक्षय रघवुशी, संविदा ए.पी.एस. हरिओम मेवाडे एवं संविदा एएनएम श्रीमति भावना दुबे का एक माह का वेतन काटे जाने के लिये निर्देशित किया गया, और श्रीमति माया चरखने को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# केंद्रीय विद्यालय संगठन के तीन दिवसीय वार्षिक प्राचार्य सम्मेलन का आगाज...

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

वार्षिक सम्मेलन में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 ओ एफ इटारसी के नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा तिलक लगाकर आगंतुक उच्च अधिकारियों, प्राचार्यो तथा अन्य अतिथि सदस्यों का स्वागत किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय कार्यालय उपायुक्त आर सेंथिल कुमार के साथ ही अन्य उच्च अधिकारियों द्वारा मां शारदे के चरणों में दीप प्रज्वलन तथा केंद्रीय विद्यालय सीपीई इटारसी के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ । सम्मेलन की अगली कड़ी में उपायुक्त एवं क्षेत्रीय कार्यालय से पधारे सभी उच्च अधिकारियों का विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से आए प्राचार्यों द्वारा हरित पादप से स्वागत किया गया। इसी दौरान केंद्रीय विद्यालय एसपीएम होशंगाबाद के नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा स्वागत गान की



प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में सहायक आयुक्त श्रीमती रानी डांगे द्वारा स्वागत भाषण में इटारसी की पहचान, अस्तित्व, भौगोलिक स्थिति एवं रास्ते के प्राकृतिक सौंदर्य तथा सम्मेलन शब्द का वास्तविक अर्थ स्पष्ट करते हुए सम्मेलन की वर्तमान कार्य सूची पर (जैसे कि - शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय मुद्दे) विस्तार से प्रकाश डाला। उन का कहना था कि %विचार अच्छे रखिए शब्द आपके अपने आप महकेंगे%। इसी के साथ आगे के क्रम में संकुल अनुसार आगंतुक सभी प्राचार्यों का

### विचार अच्छे रखिए शब्द आपके अपने आप महकेंगे..

औपचारिक परिचय हुआ इसी के साथ ही दसवीं तथा 12वीं कक्षा बोर्ड परीक्षा - 2022-23 के उत्कृष्ट परिणाम हेतु उपायुक्त द्वारा विद्यालयों एवं शिक्षकों को प्रोत्साहन प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। साथ ही सहायक आयुक्त श्रीमती रानी डांगे द्वारा विभिन्न विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत से संबंधित वीडियो प्रोजेक्टर पर दिखाए गए.

14 सितंबर अर्थात हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा का आगाज भी सहायक आयुक्त श्रीमती रानी डांगे की कविता 'जब भी कमरे का दरवाजा खुलता है' के द्वारा हुआ। इसी क्रम में सहायक आयुक्त श्रीमती किरण मिश्रा द्वारा राजभाषा की संवैधानिक स्थिति पर विस्तृत प्रकाश डाला गया । साथ क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल संभाग की राजभाषा अधिकारी श्रीमती गीतांजलि द्वारा तिमाही प्रगति रिपोर्ट भरने एवं संसदीय निरीक्षण समिति प्रश्नावली की विस्तार से जानकारी देते हुए विद्यालय एवं कार्यालय में किस प्रकार राजभाषा हिंदी का प्रयोग दिनों- दिन प्रगति पर हों , सभी कार्य द्विभाषी हो आदि प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की । सम्मेलन को गति देते हुए उपायुक्त महोदय क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल संभाग आर सेंथिल कुमार ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 समस्त केंद्रीय विद्यालयों से क्या-क्या आकांक्षाएं रखती है' बिंदु पर सूक्ष्मता से चर्चा की ।

## प्रतिभावान खिलाड़ी कु. आध्या तिवारी को मिलेगा विक्रम अवॉर्ड

**नर्मदापुरम।**प्रदेश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार विक्रम अवार्ड जिले की




प्रतिभावान टेनिस खिलाड़ी कु आध्या तिवारी को मिलने जा रहा हैं। 16 सितंबर को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में आध्या तिवारी को सम्मानित किया जाएगा। जिले के प्रतिभावन खिलाड़ी अर्जुन ठाकुर को भी एकलव्य अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी उमा पटेल ने यह जानकारी दी हैं। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं सभी खेल प्रेमियों की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## प्रदीप दुबे बने जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा



सांसद दिग्विजय सिंह पूर्व सांसद रामेश्वर निखरा राज्यसभा सांसद विवेक तंखा पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी जिला अध्यक्ष नर्मदा पुरम पुष्पराज पटेल सभी की सहमति से प्रदीप दुबे को उपाध्यक्ष बनाया गया। प्रदीप दुबे रूपापुर वाले राजनीति में कोई नया नाम नहीं पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक दुबे के बहुत करीबी छोटे भाई प्रदीप दुबे लगातार अर्जुन सिंह के कार्यकाल से लेकर दिग्विजय सिंह के कार्यकाल में बहुत सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे। ग्राम पंचायत रूपापुर के सरपंच पद पर रहते हुए इन्होंने ग्राम पंचायत रूपापुर को भारतवर्ष में सर्वप्रथम राष्ट्रपति पुरस्कार ग्राम पंचायत को दिलवाया एवं प्रदेश का भी स्वच्छता का प्रथम और जिले का भी प्रथम पुरस्कार इस ग्राम पंचायत रूपापुर को दिलाया था।

# किसानों को अपनी मूंग बेचे दो माह हो गए, नहीं हुआ अभी तक भुगतान

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

जिसमे मांग की गई है की वर्ष 2023 में जिन किसानों ने श्याम कृपा वेयरहाउस खपरिया में दिनांक 10.7.2023 को मूंग बेची थी उनको लगभग दो माह से ऊपर बीत जाने पर भी भुगतान नहीं हुआ है। जिसका भुगतान शीघ्र कराया जाए साथ ही हम्मालो का भुगतान भी आज दिनांक तक नहीं हुआ है। उनका भी भुगतान कराया जाए। वर्तमान में सोयाबीन

### सिवनी मालवा क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन ने कलेक्टर के नाम का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा

की फसल पर तंबाकू इल्ली का अत्यधिक प्रकोप है किसी भी दवाई से कंट्रोल नहीं हो रही है जिसकी वजह से किसानों की फसल चौपट हो चुकी है जिसका शीघ्र ही सर्वे कराया जाए अगर सात दिवस में मांग पूरी नहीं होती है तो क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन किसानों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगा जिसकी सभी जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी। इस अवसर पर संगठन के नगर अध्यक्ष मोनू ठाकुर,बृजमोहन पटेल,संतोष नागर, संतोष जाट,अर्जुन पटेल,दुर्गेश यदुवंशी, अमित यदुवंशी,नवीन यदुवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नशा संबंधी मानसिक समस्या विषय पर सेमिनार सम्पन्न

**हरदा।** हरदा 14 सितम्बर 2023/ भारत सरकार के ''स्वस्थ मन स्वस्थ तन अभियान'' के तहत गुरूवार को शासकीय महात्मा गांधी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर उत्कृष्ट विद्यालय हरदा में ''नशा संबंधी मानसिक समस्याओं और आत्महत्या की रोकथाम'' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सभी को बेहतर मानसिक स्वास्थ्य बनाये रखने और आत्महत्या की सोच से बचाव की रणनीतियां बताई गईं।




**मेट्रो एंकर** एक माह तक महिलाओं को गाइड का प्रशिक्षण दिया जाएगा

# तवा पर्यटन स्थल के लिए गाइड प्रशिक्षण शुरु

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में एक जिला एक उत्पाद के तहत पर्यटन संवर्धन एवं विस्तार के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के द्वारा संचालित महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत जिला प्रशासन , जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद नर्मदापुरम के सहयोग से इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के द्वारा तवा पर्यटन स्थल में टूरिस्ट फैसिलिटेटर तथा गाइड प्रशिक्षण का शुभारंभ मंगल भवन तवा नगर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन थाना प्रभारी सुरभि बिलथरे, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के परियोजना पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर के द्वाराकिया गया। इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के पचमढ़ी संकुल प्रमुख अर्चना दास ने बताया की मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के 50 पर्यटन स्थल पर विभिन्न प्रकार की कौशल वर्धन प्रशिक्षण महिलाओं को दिलाकर पर्यटन स्थल में रोजगार से जोड़ने के साथ-साथ पर्यटन स्थल को महिला पर्यटक के लिए अनुकूल बनाने की पहल की जा रही है, जिसके माध्यम से तवा एवं आसपास के ग्रामों की महिलाओ को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। इसी उद्देश्य से एक महीने का टूरिस्ट फैसिलिटेटर प्रशिक्षण तवानगर के 15 महीलाओं को दिया जा रहा है। ताकि महिलाएं कैसे टूरिस्ट को तवानगर के टूरिस्ट प्वाइंट को अच्छे से प्रस्तुत कर सकेंगे द्य यह प्रशिक्षण हरेंद्र साहू कान्हा के नेचुरलिस्ट द्वारा दिया जाएगा। पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर ने कहा कि मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के माध्यम से नर्मदापुरम जिले के पर्यटन क्षेत्र को निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे है। महिलाओ के लिए यह अच्छा मौका है कि तवा नगर में प्रशिक्षण लेकर आप पर्यटक को गाइड बनकर तवा नगर के सौंदर्य ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक के बारे में अवगत करा पाएंगे।

### प्रशिक्षण लेकर आपको रोजगार का अवसर मिलेगा

थाना प्रभारी सुरभि बिलथेरे के द्वारा बताया गया की आप लोगो के लिए यह अच्छा मौका है प्रशिक्षण लेकर आपको रोजगार का अवसर मिलेगा । जिससे आप आत्मनिर्भर बनने के साथ ही अपने और परिवार का अच्छे से संचालन कर सकेंगे। उन्होंने कहा की थाना में भी बहुत टूरिस्ट आते है तो हम भी उनको आप लोगो से परिचय कराकर आपको रोजगार दिलाने में सहयोग करेंगे। इस प्रशिक्षण में इंडियन ग्रामीण सर्विसेज से संतोष कुमार कुमरे ,पी श्रीहर्षिनी, शिखा टाटस्कर, मोनिका, शशि यादव, पूनम, आह्यशा कहार, प्रियंका नागवंशी आदि उपस्थित रहे।

### सीएम का कार्यक्रम जारी नहीं होने से बनी असमंजस की स्थिति

# व्यापार महासंघ ने सिरोंज बंद का निर्णय लिया वापस

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

एक दिन पहले ही व्यापार महासंघ ने प्रेस वार्ता करके सिरोंज को जिला बनाने की मांग को पूर्ण करवाने के लिए चरणबंध तरीके से आंदोलन करने की जानकारी दी थी जिसमें बताया गया था कि 5 दिनों में अलग-अलग गतिविधियां आयोजित करके 18 तारीख को नगर बंद करके शांतिपूर्ण तरीके से जिला बनाने की मांग रखेंगे लेकिन सीएम शिवराज सिंह चौहान के आगमन को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने हवाला देकर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष पदम ताम्रकार ने इस विज्ञप्ति जारी करके बताया कि व्यापार महासंघ ने सिरोंज को जिला बनाने के लिए 5 दिन का जो कार्यक्रम बनाया था उसको अभी स्थापित किया जाए जब भविष्य में सीएम शिवराज सिंह के सिरोंज आने का कोई कार्यक्रम बनेगा तब हम अपनी बैठक करके आगामी रणनीति बनाएंगे अभी आंदोलन को स्थापित किया जाता है। वहीं पहले से ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आने का



### आचार संहिता लगने के बाद ही नेतागण आएंगे

वहीं देखने वाली बात तो होगी के विधानसभा चुनाव से पहले सिरोंज को जिला बनाने की मांग जो रफ्तार पकड़ी हुई दिखाई दे रही थी वह अब पार्टी से उतरने की कगार पर पहुंच गई है। वहीं सिरोंज को जिला बनाने का सपना साकार अभी होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। दूसरी ओर जैसे ही व्यापार महासंघ ने सिरोंज को जिला बनाने के लिए भूहिम चलाने की बात कही थी तो इसको और भी अधिक बल मिलता दिखाई दे रहा था क्योंकि व्यापार महासंघ के अंदर 14 व्यापारिक संगठन भी महासंघ के निर्णय का समर्थन कर रहे थे। यदि मुख्यमंत्री आते तो उनके सामने जब बाजार बंद होता तो उनको भी व्यापारियों की बात मानकर उनसे चर्चा करनी पड़ती जब व्यापार महासंघ उनके समाने सिरोंज को जिला बनाने की मांग रखता है तो शायद ठोस आश्वासन ही सीएम के आने पर मिल सकता था अब देखना है कि सीएम का आगमन विधानसभा चुनाव से पहले होगा या फिर चुनाव की आचार संहिता लगने के बाद ही वह मतदाताओं के बीच आएंगे।

### मशाल जलने से पहले ही बुझी

कोई प्रोटोकॉल भी जारी नहीं हुआ था असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा का आना फाइनल हुआ है। वह भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होकर 18 सितंबर को सभा को भी संबोधित करेंगे उनका जरूर प्रोटोकॉल जारी हुआ है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कोई प्रोग्राम फाइनल नहीं हुआ है। असमंजस की स्थिति भी भाजपा संगठन की करण ही बनी है भाजपा के जिला अध्यक्ष ने कुछ दिन पहले कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर कहा था कि सीएम शिवराज सिंह चौहान जन आशीर्वाद यात्रा में लटेरी से होते हुए सिरोंज आएंगे और वह रात्रि विश्राम भी करेंगे पर उनकी बात में कोई सच्चाई नजर नहीं आ रही है बिना प्रोटोकॉल जारी हुए ही जिला अध्यक्ष ने बैठक करके प्रेस विज्ञप्ति भी जारी करके बताया था जिसकी जानकारी लगते ही कई संगठन सिरोंज को जिला बनाने की मांग को लेकर सक्रिय हो गए थे। आप उनके नहीं आने की जानकारी लगते ही कई तरह की चर्चाएं भी इन दिनों चल रही है कुछ लोगों का कहना है कि व्यापार महासंघ के निर्णय के बाद सीएम ने सिरोंज आन कैंसिल कर दिया दूसरी ओर जब उनका कोई प्रोटेकॉली जारी नहीं हुआ तो प्रोग्राम कैंसिल होने की बात कहां तक सच है। व्यापार महासंघ ने भी सिरोंज को जिला बनाने के लिए रणनीति पर काम करते हुए चरण में तरीके आंदोलन करने की रूपरेखा बनाई थी पर कम के आने का फाइनल नहीं होने के चलते उनकी प्रक्रिया भी प्रारंभ होने से पहले ही रुक गई है ।कहते हैं कि रेल पटरी पर आने से पहले ही उतर गई । दूसरी और कांग्रेस नेता अशोक जैन खर्च ने भी उपवास रखकर सिरोंज को जिला बनाने ,केथन,डेम, तालाब और मरघट को अतिक्रमण की मांग को लेकर मौन व्रत रखने का निर्णय वापस ले लिया है।

## भाजपा युवा मोर्चा मंडल अरुण की बैठक हुई,जन आशीर्वाद यात्रा की तैयारी में जुटे

### कार्यकर्ता पुष्प वर्षा का स्वागत करने की अपील



सिरोंज, दोपहर मेट्रो

भारतीय जनता पार्टी मंडल आरोन के भाजपा कार्यालय पर भाजपा युवा मोर्चा मंडल आरोन की बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धाकड़ राघौगढ़ विधानसभा आशीर्वाद यात्रा के प्रभारी संजीव सोनी भाजपा मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन एवं भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिव्यांशु रघुवंशी भाजपा युवा मोर्चा पनवाड़ी मंडल अध्यक्ष मनीष शर्माय की विशेष उपस्थिति में भाजपा कार्यालय पर बैठक संपन्न हुई भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र धाकड़ एवं जन आशीर्वाद यात्रा के प्रभारी संजीव सोनी भाजपा मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उमा पटवा आदि नेताओं ने कार्यकर्ताओं से पुष्पवर्षा कर स्वागत करने की अपील की और जग-जग प्रवेश द्वार एवं बैनर पोस्टर लगाकर आरोन नगरी को भगवा रंग में रखने की अपील की गई ! बैठक में भाजपा मंडल महामंत्री रविंद्र धाकड़ कपिल परिहार उपाध्यक्ष राजू यादव मीडिया प्रभारी रुस्तम खान सोनू जैनय पार्षद बृजेंद्र सिंह राजपूत बृजेश रघुवंशी सरपंच शिवकुमार रघुवंशी पूर्व मंडी उपाध्यक्ष वीरेंद्र रघुवंशी खजूरी एवं सैकड़ो एवं मोर्चा के कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे बैठक का संचालन अंकेश यादव ने किया अंत में आभार व्यक्त मनीष शर्मा ने किया।

### केश शिल्पी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम

## कुएं पर फर्सी डालकर अवैध रूप से रास्ता बनाने को लेकर दिया ज्ञापन

सिरोंज , दोपहर मेट्रो

मध्य प्रदेश केश शिल्पी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन ने एक आवेदन अनुविभागीय अधिकारी हषर्ल चौधरी को एक आवेदन देते हुए बताया किनगरपालिका सिरोज द्वारा शासकीय नाई वाले कुये के ऊपर गाडर फर्सी डालकर अवैध रूप से रास्ता जमीन के लेवल कर बनाया जा रहा है तथा कुये को बंद किया जा रहा है उसके संबंध में आपत्ति की मांग की है ।

आवेदन के माध्यम में उल्लेख किया है कि शासकीय नाई वाला कुआ नगर सिरोंज में छत्री नाका के पास है उक्त कुआ के पानी का उपयोग जनसमुदाय द्वारा किया जाता है।

यह कि उक्त नाई वाले कुये के ऊपर गाडर फर्सी डालकर अवैध रूप से रास्ता जमीन के लेवल कर बनाया जा रहा है तथा कुये का पानी बंद किया जा रहा है उक्त कार्य नगरपालिका सिरोंज द्वारा किया जा रहा है भविष्य में कुठे की सफाई आदि नही हो सकती है इस कारण उक्त कुये के मद की ऊचाई कर कुये पर एक हेडपम्प लगवाया जावे इसके बाद कुये पर गाडर फर्सी डालकर आधा ढंका जा सकता है। कुआ की होदी पर तथा कुर्य पर आदेश जैन पुत्र सागरमल जैन निवासी सिरॉज द्वारा अतिक्रमण किया गया है । उसको हटवाने के संबंध में तहसीलदार महोदय सिराज



ने दिनांक 29-12-2022 को मुख्य नगरपालिका अधिकारी सिरोज को आदेश दिया है उसकी प्रति संलग्न है इसके बाद प्रार्थी द्वारा कलेक्टर महोदय विदिशा के यहां आवेदन दिया उन्होंने एस.डी.एम. महोदय सिरोंज को कार्यावाही हेतु लिखा था उसकी प्रति संलग्न है। यह कि उक्त आदेश जैन से नगरपालिका सिरोंज के कर्मचारीयों द्वारा मिली भगत कर उक्त नाई वाले कुये को अवैध रूप से बंद कर रास्ता बनाने का प्रयास किया जा रहा है जो अवैध है उक्त कुये की जाँच कराई जाये तथा जो कार्य कुआ बंद का किया जा रहा है उसे रूकवाया जावे तथा कुठे पर एक हेण्डपम्प लगवाया जावें तथा आधा कुआ बंद कराया जावे आधा खुला रखा जावे। इस दौरान अन्य लोग उपस्थित रहे।

### राधा कुंडो, पंचकुइयों घाट पर साफ सफाई का काम हुआ प्रारंभ

सिरोंज। आगामी दिनों में नैया समाज के द्वारा राधा कुंडो पर राधा अष्टमी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जाएगा 2 दिन तक इनका आयोजन यहां पर होता है। शोभायात्रा भी निकलेगी तथा डोल ग्यारस पर पंचकुइयों घाट पर बड़ी संख्या में विभिन्न मंदिरों से निकलने वाले डोले निकलते हैं। भगवान जल विहार के लिए पंचकुइयां घाट पहुंचते हैं। इसको देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू ,उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ ने नगर पालिका के सफाई अधिकारियों तथा इंजीनियर के साथ जेसीबी से रास्ते की साफ सफाई करवाई बातें हुई सभी इंतजाम करने के निर्देश भी दिए। जिससे कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की असुविधा श्रद्धालुओं को ना हो।

## मुगलसराय पुलिस ने 7 पेटी अवैध शराब के साथ 1 आरोपी को किया गिरफ्तार


सिरोंज, दोपहर मेट्रो

एसपी, एएसपी तथा एसडीओपी के निर्देश पर मुगलसराय पुलिस ने आवे शराब का कारोबार करने के यहां वाले हरदा बंजारा के घर पर छापा मार कार्रवाई करते हुए सात पेटी अवैध रूप से शराब की जप्त की है। आरोपी घर के पीछे ही अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है इसकी सूचना पुलिस को मुखबर के द्वारा दी जा रही थी। मुगलसराय थाना प्रभारी मोहर गवली ने पुलिस टीम के साथ वरिष्ठ अधिकारियों एवं एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में उक्त कार्रवाई को अंजाम देते हुए 350 क्वार्टर अबैध शराब जिसकी बाजार कीमत



35000 रुपए के साथ आरोपी हरदा बंजारे को गिरफ्तार किया है। उक्त व्यक्ति के द्वारा पहले से ही इस काम का अंजाम दिया जा रहा है । पहले भी उस पर शराब बेचने का प्रकरण दर्ज हो चुका है। पुलिस ने आरोपी पर आबकारी एक्ट तथा 126,23 एवं 34 आईपीसी के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## टेंट की दुकान में लगी आग से ढाई लाख का सामान खाक



सिरोंज, दोपहर मेट्रो

ग्राम बामुलिया में स्थित सादिक मिया की टेंट की दुकान पर बीती रात आग लग गई जिस कारण दुकान में रखा लगभग ढाई लाख रुपए का टेंट का समान जलकर खाक हो गया आग इतनी। तेज थी की टेंट के फर्श ,टंकिया सहित कुर्सियों को भी अपनी चपेट में ले लिया जबकि एक दिन पहले ही दुकान में समान रखने की बात संबंधित द्वारा की जा रही दुकान की शुरुआत भी नही हो सकी और आग से सामान खाक हो गया ।

## भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडारा, संकल्प से ही काम होता है पूर्ण: राममोहन तिवारी

सिरोंज, दोपहर मेट्रो



पिपलिया हाट में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर यज्ञ में पूर्णाहुति के बाद कन्या भोज और भंडारे का आयोजन हुआ इससे पहले कथा व्यास राम मोहन तिवारी ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि संकल्प सिद्धि में सदा शंका बनी रहेगी, यदि शंका मन में होगी तो कभी भी लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकते, लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जैसे अर्जुन ने जयद्रथ वध का संकल्प सूर्यास्त से पूर्व का लिया तो कृष्ण ने अर्जुन से कहा कि अभी संकल्प अधूरा है ,पार्थ, अपनी ओर से दाव क्या लगाते हो तो अर्जुन ने कहा कि यदि में सूर्यास्त के पहले पापी जयद्रथ को नहीं मार पाया तो अग्नि में समाधि लेकर स्वंय के प्राण त्याग दूँगा, जब अर्जुन ने ऐसा भीषण संकल्प सुना तो कृष्ण ने कहा कि अब तुम्हारा संकल्प अवश्य पूर्ण होगा क्योंकि अब तुम्हारे संकल्प में जरा भी संशय नहीं,इसी प्रकार यदि हम संकल्पित होकर जब कोई कार्य करते हैं तो द्वारकाधीश कृष्ण उस संकल्प को अवश्य पूर्ण करते हैं।, नारद मोह,कौस्तुभ मणि चोरी प्रसंग,जरासंध वध,वामन भगवान के लीला अवतार की कथा की वर्णन कथा विस्तार से वर्णन किया।


### पुलिस उपायुक्त / कार्यपालक मजिस्ट्रेट जोन 02 नगरीय पुलिस भोपाल (म.प्र.)

(बागसेवनिया थाने के पीछे, होशंगाबाद रोड भोपाल मप्र पिन 462026 फोन न 0755-2443802)

क्रमांक पु. उपा/भो/जोन 02/155/23 2023 दिनांक 28/08/2023

**आम इश्तेहार सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि पुलिस थाना अपराध शाखा जिला भोपाल के विभिन्न अपराधों में कुल 12 वाहन प्रकरण धारा 41- (1-4)379.एक्ट में जप्तसुदा सामग्री दो पहिया / चार पहिया वाहन विभिन्न कम्पनियों के जर्जर एवं कबाड़ हालत में है जो काफी समय से कण्डम की स्थिति में थाना प्रांगण थाना अपराध शाखा जिला भोपाल में रखे हुये है जिनको माननीय न्यायालय द्वारा राजसात किया गया है जिसकी पूर्व में दिनांक 10.08.2022 को हुई नीलामी प्रक्रिया में विक्रय न होने के कारण दिनांक 11/01/2023 को हुई नीलामी निरस्त किया जा कर पुनः दिनांक 01.10.23 को उक्त वाहनों की पुनः नीलामी कार्यवाही थाना अपराध शाखा परिसर में निष्पादित की जाएगी अतः नीलामी में बोलीदारों के लिये उक्त सेवा शर्ते व नियम पूर्व में दिये गये इश्तेहार के अनुसार मान्य रहेंगे।

नीलामी दिनांक - 01.10.23 दिन-रविवार, सम य -12 बजे , स्थान नीलामी-अपराध शाखा भोपाल

संपर्क- प्रधान आरक्षक आशीष श्रीवास-7587601391

G-19673/23

पुलिस उपायुक्त/कार्यपालक मजिस्ट्रेट जोन-2, जिला-भोपाल


मेट्रो एंकर

### समस्त स्टाफ एवं बहु संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे

## शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्टीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में हिंदी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हिंदी के सहायक प्राध्यापक दीपक सोलंकी ने हिंदी दिवस पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने हिंदी के इतिहास के बारे में आदिकाल से आधुनिक काल तक विस्तार से समझाया। तो वही कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि महाविद्यालय में तकनीक का प्रयोग कर विद्यार्थियों को महादेवी वर्मा का 1987 का कुबेर दत्त द्वारा लिया गया इंटरव्यू पूरा दिखाया। 47 मिनट



के इंटरव्यू में महादेवी वर्मा ने तत्कालीन लेखक एवं कवियों के बारे में उल्लेख किया। महादेवी वर्मा ने विशेष रूप से सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि मैं निराला जी को राखी बांधती थी। निराला जी की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब थी। अत्यधिक गरीबी में जिए। पैसे की तंगी के कारण उन्होंने अपनी पांडुलिपियां 20-25 रुपए की रॉयल्टी में प्रकाशकों को बेच दी थी। निराला जी जब भी मेरे घर आते थे तब मुझसे बोलते थे कि दो रुपया उधार दे दो। मैं पूछती थी किसलिए तो कहते थे एक रुपया रिक्शा वाले को दूंगा और एक रुपया तुमको दूंगा। महादेवी वर्मा के इंटरव्यू के पश्चात विद्यार्थियों एवं स्टाफ को छायावादी युग के प्रसिद्ध हालावादी कवि हरिवंश राय बच्चन द्वारा पढ़ी गई कविताओं को सुनाया गया। अमिताभ बच्चन द्वारा संगीत के साथ मधुशाला को गाकर सुनाते हुए इंटरएक्टिव पैनल के माध्यम से दिखाया गया। साथ ही रामधारी सिंह दिनकर द्वारा रचित कृष्ण की चेतावनी को आशुतोष राणा द्वारा सुनते हुए छात्र छात्राएं मंत्र मुग्ध हो गई। कार्यक्रम में तकनीकी रूप से भगवत सिंह पाल एवं संघ प्रिय गौतम ने अच्छा सहयोग किया। तो वही राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी महेश चंद परमार ने आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ प्राध्यापक एस आर तिवारी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित होना चाहिए। इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं बहु संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।




### एशिया कपः सुपर-4 स्टेज का आखिरी मुकाबला भारत और बांग्लादेश के बीच

# टीम इंडिया के पास टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत दर्ज करने का मौका आज

**कोलंबो, एजेंसी**

एशिया कप-2023 में सुपर-4 स्टेज का आखिरी मुकाबला आज भारत और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में होगा। फाइनल में पहुंच चुकी टीम इंडिया के पास टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत दर्ज करने का मौका है। टीम को अब तक एक भी हार नहीं मिली है। टूर्नामेंट में ये भारत 5वां मैच रहेगा। पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ बेनतीजा रहा था। इसके बाद टीम ने नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका को हराया।

बांग्लादेश टीम एशिया कप से बाहर हो चुकी है। भारत के खिलाफ बांग्लादेश ये मैच जीत भी जाता है तो उसके 2 ही पॉइंट्स होंगे, जो फाइनल में पहुंच चुकीं श्रीलंका और भारत दोनों से कम रहेंगे। भारत और बांग्लादेश के बीच अब तक 39 वनडे मुकाबले खेले जा चुके हैं। भारत ने 31 और बांग्लादेश ने 7 मैचों में जीत हासिल की है। 1 मैच नो रिजल्ट रहा है। वनडे फॉर्मेट में दोनों टीमें आखिरी बार दिसंबर 2022 में आमने-सामने हुई थीं, तीन मैचों सीरीज में भारत को 2-1 से हार मिली थी।



मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में होगा। फाइल फोटो

### आज मुशिफकुर रहीम नहीं खेलेंगे

बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशिफकुर रहीम आज भारत के खिलाफ टीम का आखिरी मुकाबला नहीं खेल सकेंगे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने रहीम की छुट्टियां बड़ा दी हैं, ताकि वे अपने नवजात बच्चे और परिवार को अधिक टाइम दे सके। एशिया कप 2023 में बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा रन नजमुल हुसैन शान्तो ने बनाए हैं, लेकिन वो चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। मेहदी हसन मिराज सेकेंड टॉप स्कोरर हैं। गेंदबाजी में तस्कीन अहमद ने 9 विकेट लिए हैं। कोलंबो में शुक्रवार को बारिश की 88 फीसदी आशंका है। तापमान 25 से 32 डिग्री सेल्सियस तक हो सकता है।

### रोहित शर्मा टूर्नामेंट में भारत के टॉप रन स्कोरर

टीम इंडिया फाइनल में पहुंच चुकी है और वर्कलोड मैनेज करने के इरादे से कई प्लेयर्स को आराम दिया जा सकता है। विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पंड्या, केएल राहुल और शुभमन गिल को प्लेइंग-11 से बाहर रखा जा सकता है। इनकी जगह सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, मोहम्मद शमी, प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दूल ठाकुर और श्रेयस अय्यर को मौका मिल सकता है। एशिया कप 2023 में भारत के लिए कप्तान रोहित शर्मा टॉप स्कोरर रहे हैं। वहीं, कुलदीप यादव टॉप विकेटटेकर हैं। हालांकि भारत पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी है।

### सुपर-4 स्टेज से बाहर हुई टीम

## पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम हार से निराश हुए



**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका को आखिरी 2 गेंदों पर 6 रन की जरूरत थी, लेकिन पाकिस्तान के गेंदबाज जमान खान इसे डिफेंड नहीं कर सके। हार के बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम निराश नजर आए। उनकी टीम पिछली बार रनर-अप रही थी, लेकिन इस बार सुपर-4 स्टेज से ही बाहर हो गई। टीम को इस बार श्रीलंका के अलावा भारत से भी हार का सामना करना पड़ा। उन्हें एशिया कप में 2 जीत बांग्लादेश और नेपाल के खिलाफ ही मिल सकी। महीश तीक्षणा एक रन बचाने की कोशिश में इंजर्ड हो गए। श्रीलंका ने पाकिस्तान को एशिया कप में 2 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली। पाकिस्तान आखिरी 2 गेंद पर 6 रन नहीं बचा सका, हार के बाद टीम के कप्तान बाबर आजम निराश नजर आए। उन्होंने अपने माथे पर हाथ रख लिया। श्रीलंका के कुसल परेरा डायरेक्ट हिट से रन आउट हुए। वहीं महीश तीक्षणा ने इंजर्ड होने के बावजूद अपनी टीम के लिए अहम 3 ओवर बॉलिंग की।

### इफ्तिखार, श्रीलंका के रिव्यू नहीं लेने से बचे

पाकिस्तान के इफ्तिखार अहमद श्रीलंका के रिव्यू नहीं लेने के कारण आउट होने से बच गए। स्पिनर महीश तीक्षणा ने गुड लेंथ पर मिडिल स्टंप की ओर फेंकी। बॉल सीधे इफ्तिखार के पैड्स पर लगी। तीक्षणा ने अपील की, लेकिन अंपायर ने नॉट आउट करार दे दिया। तीक्षणा ने कप्तान दसुन शनाका से रिव्यू लेने कहा, लेकिन शनाका ने मना कर दिया। ओवर खत्म होने के बाद रीप्ले में दिखा कि बॉल सीधे लेग स्टंप को लग रही थी अगर रिव्यू लेते तो इफ्तिखार को पवेलियन लौटना पड़ता। अपील के वक्त 21 रन बनाकर खेल रहे थे। मोहम्मद रिजवान के साथ 108 रन की पार्टनरशिप की और पाकिस्तान को 235 के पार पहुंचाया। श्रीलंका के विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने एक हाथ से फ्लाइंग कैच पकड़ा। प्रमोद मदुशन ने ऑफ स्टंप के बाहर फुलर लेंथ फेंकी। शादाब खान ने बल्ला घूमाया, लेकिन बॉल विकेटकीपर की तरफ चली गई। यहां मेंडिस ने अपने दाएं तरह हवा में जम्प किया और एक हाथ से बेहतरीन कैच पकड़ लिया।

### बेयरस्टो की जगह टीम में शामिल हुए थे हेल्स

## इंग्लैंड के क्रिकेटर एलेक्स हेल्स फ्रेंचाइजी अब क्रिकेट पर फोकस करना चाहते हैं

**वेगरु, एजेंसी**

इंग्लैंड क्रिकेटर एलेक्स हेल्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। हेल्स ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच पिछले साल नवंबर में पाकिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में खेला था। हेल्स पिछले 9 महीनों से इंग्लैंड के साथ कॉन्ट्रैक्ट को ले कर संशय में बने हुए थे। वह फ्रेंचाइज क्रिकेट और इंटरनेशनल क्रिकेट के बीच तालमेल नहीं बैठा पा रहे थे। इस कारण उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले कर फ्रेंचाइज क्रिकेट पर फोकस करने का सोचा। हेल्स ने पीएसएल के साथ किए कॉन्ट्रैक्ट को पूरा करने के लिए, इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल को ठुकरा दिया था। इस कारण उन्हें इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भी इंटरनेशनल मैच देना बंद कर दिया था। वह कैरेबियन प्रीमियर लीग के साथ एग्रीमेंट में थे। इस कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से भी उन्हें अपना नाम वापस लेना पड़ा। चार साल पहले आखिरी बार 50 ओवर का क्रिकेट खेलने के बाद, हेल्स कभी भी इस साल के विश्व कप के लिए दावेदार नहीं थे। अगर हेल्स खेलना जारी रखते तो उन्हें 2024 टी-20 वर्ल्ड कप में जगह मिल सकती थी। हालांकि, उनके रिटायरमेंट ने विल जैक और फिल साल्ट जैसे खिलाड़ियों के लिए टीम में दरवाजे खोल दिए है। जॉनी बेयरस्टो की चोट के कारण वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद हेल्स ने पिछले सितंबर में इंग्लैंड नेशनल टीम में वापसी की थी।



### एशियन गेम्सः भारतीय मेंस फुटबॉल टीम का ऐलान

## इस बार फुटबॉल की 23 टीमों के मुकाबले

**नईदिल्ली, एजेंसी**

चीन के होंगझू में इसी महीने होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय मेंस फुटबॉल टीम का ऐलान हो गया है। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने 18 सदस्यीय मेंस टीम की घोषणा की। एशियन गेम्स में फुटबॉल की -23 टीमों के मुकाबले ही होंगे। जिसमें सभी टीमों के 3 ही सीनियर खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। इससे पहले जब एक अगस्त को 22 सदस्यीय भारतीय टीम शॉर्टलिस्ट हुई तब 3 सीनियर खिलाड़ी शामिल थे। सीनियर खिलाड़ियों में संदेश झिंगन, गुरप्रीत सिंह संधू और सुनील छेत्री थे, लेकिन अब केवल छेत्री को जगह मिली है।



### 1970 से फुटबॉल में मेडल नहीं जीत सका भारत

एशियन गेम्स 23 सितंबर से 8 अक्टूबर के बीच चीन के हांगझू में होंगे। भारत ने एशियन गेम्स (1951 और 1962) में 2 गोल्ड मेडल जीते हैं। टीम 1970 में एक ब्रॉन्ज मेडल भी जीत चुकी है। चैंपियनशिप जीती, टॉप 100 में भी आए थे। क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमैक के नेतृत्व में नेशनल टीम ने चैंपियनशिप जीतकर एक बार फिर फीफा रैंकिंग में टॉप-100 क्लब में प्रवेश किया है।

भारत ग्रुप ए में मेजबान के साथ टूर्नामेंट में 23 टीमें हैं, जिन्हें छह ग्रुप में बांटा गया है, ग्रुप ए, बी, सी, ई और एफ में प्रत्येक में चार टीमें हैं, जबकि ग्रुप डी में तीन टीमें हैं। भारत की मेंस टीम को ग्रुप ए में मेजबान चीन, बांग्लादेश और म्यांमार के साथ रखा गया है। भारतीय मेंस और विमेंस फुटबॉल टीम को एशियाड के लिए भारत सरकार ने विशेष अनुमति दी है। भारतीय टीम को 2018 के एशियाड में खेलने की अनुमति नहीं मिली थी। खेल मंत्रालय का नियम कहता है कि टीम इवेंट में केवल एशिया टॉप -8 रैंक में शामिल टीमों को ही जाने की अनुमति मिलेगी।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## 'लापता लेडीज' से किरण ने किया कमबैक

फिल्म मेकर किरण राव ने हाल ही में एक्स हसबैंड आमिर खान के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि आमिर के साथ उनके रिश्ते आज भी बहुत अच्छे हैं। इतनी ही किरण ने कहा कि तलाक के बाद उनके परिवार और आमिर ने हमेशा उन्हें सपोर्ट किया है। दरअसल किरण हाल ही में अपनी फिल्म 'लापता लेडीज' से सालों बाद कम कमबैक करने जा रही हैं। वहीं हाल ही में उनकी फिल्म का प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था, जिसे अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। हाल ही में फिल्म कंपेनियन को दिए इंटरव्यू में किरण ने कहा – 'यह फिल्म आमिर खान के बिना मुमकिन नहीं होती। उन्होंने ही स्क्रिप्ट खोजी और इसे प्रोड्यूस करने का जिम्मा उठाया। यह उनकी तरफ से बहुत बड़ा सपोर्ट है। उनके बिना हम यह फिल्म नहीं बना पाते। जब उन्हें यह स्क्रिप्ट मिली, तो उन्होंने मुझे इस फिल्म का डायरेक्शन करने के ऑफर दिया। वाकई यह मेरे लिए एक बेहतरीन मौका रहा।' किरण ने आगे कहा- 'हमने फिल्म में बहुत सारे मुद्दों को उठाया है, जिनसे हम अक्सर जूझते हैं। हालांकि, मैं बहुत लकी रही हूं, क्योंकि मेरे रिश्तों ने कभी भी मुझे तकलीफ नहीं पहुंचाई है। मेरी जिंदगी में बहुत प्यारे रिश्ते रहे हैं और आज भी हैं।' अपनी फिल्म लापता लेडीज के बारे में बात करते हुए किरण ने कहा- 'फिल्म के जरिए हमने यह दिखाने की कोशिश की है कि कैसे शादी के बंधन में बंधने के बाद भी आप अपनी फ्रीडम पा सकते हैं। आप अभी भी अपनी तलाश कर सकते हैं। आप यकीनन उस चीज को हासिल कर सकते हैं, जिसे डिजर्व करते हैं।



## कार्तिक आर्यन से डरे अक्षय कुमार, घटाई फीस

अक्षय कुमार फाइनली 'हेरा-फेरी 3' और 'वेलकम 3' का हिस्सा बन गए हैं। जहां 'वेलकम 3' की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है वहीं हेरा-फेरी 3 अगले साल फ्लोर पर जाएगी। इन दोनों ही फिल्मों के प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला हैं। दोनों फिल्मों से जुड़े सूत्रों की मानें तो इन फिल्मों का हिस्सा बनने के लिए अक्षय ने काफी मेहनत की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय को जब पता चला कि 'हेरा-फेरी 3' में कार्तिक आर्यन उन्हें रिप्लेस का सकते हैं तो वो बहुत दुखी हुए। इसके बाद उन्होंने फिरोज नाडियाडवाला से अपने मतभेद सुधारने का फैसला किया तब जाकर अक्षय की इस फ्रेंचाइजी में एंट्री हुई। इससे पहले कार्तिक, अक्षय को भूल भुलैया फ्रेंचाइजी के सेकंड पार्ट 'भूल भुलैया-2' में रिप्लेस कर चुके हैं। 266 करोड़ रुपए की कमाई के साथ यह फिल्म 2022 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चौथी फिल्म थी।



### प्रॉफिट शेयरिंग करना चाहते थे अक्षय

सूत्रों ने आगे बताया, 'अक्षय जानते थे कि फिरोज की फाइनेंशियल कंडीशन उतनी बेहतर नहीं है। ऐसे में अक्षय ने इन दोनों फिल्मों के लिए अपनी फीस घटाने का भी फैसला किया।' शुरुआत में अक्षय अपनी पूरी फीस सेक्रीफाइज करके प्रॉफिट शेयरिंग मॉडल पर डील करना चाहते थे। चूंकि फिरोज अपनी आईपी रिटेन करना चाहते थे इसलिए उन्होंने अक्षय के साथ रेवेन्यू शेयर करने का फैसला किया। इसके अलावा अक्षय खुद ही फिल्म के लिए जियो स्टूडियोज को प्रोड्यूसर के तौर पर बोर्ड पर लेकर आए। जियो के फिल्म से जुड़ने के बाद फिरोज के कर्ज सेटल हो गए, फ्रेंचाइजी रिवाइव हो गई और अक्षय को भी जियो से प्रॉफिट शेयरिंग में अपना हिस्सा मिलेगा। सूत्रों की मानें तो इसके बाद फिरोज ने भी अक्षय को टोकन ऑफ एप्रिसिएशन के तौर पर 9 करोड़ रुपए के दो चेक दिए।

## फिल्म में ट्रेडिशनल तौर-तरीकों को मानने वाली सख्त बिजनेसवुमन हैं जया

हाल ही में करण जौहर ने कहा है कि असल जिंदगी में जया बच्चन फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में उनके किरदार धनलक्ष्मी जैसी बिल्कुल नहीं हैं। करण जौहर ने एक इंटरव्यू में कहा कि जया उनकी सबसे पसंदीदा क्रू मेंबर हैं। उन्होंने कहा फिल्म में जिस तरह उनके किरदार को दिखाया गया है, वो असल जिंदगी में वैसे बिल्कुल भी नहीं हैं। दरअसल, जब फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी रिलीज हुई थी तब सोशल मीडिया पर ये चर्चा हो रही थी कि जया बच्चन के किरदार और रियल लाइफ में उनकी पर्सनैलिटी के बीच समानताएं हैं। करण जौहर ने कहा- आप फिल्म की क्रू से किसी से भी ये पूंछ लें कि उनका फेवरेट पर्सन कौन है, आपको सभी से जवाब में जया बच्चन का ही नाम सुनने को मिलेगा।





**मेट्रो बाजार**

## चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्टील एक्सपोर्टर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

चीन से इंपोर्ट होने वाली स्टील पर भारत ने 'एंटी-डंपिंग ड्यूटी' लगा दी है। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडीज ने सरकार से चीनी स्टील व्हील्स पर 50,867 रुपए प्रति टन लगाने की सिफारिश की थी। वित्त मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन के जरिए इस बात की जानकारी दी है। सरकार के इस फैसले से डोमेस्टिक कंपनियों के नुकसान की आशंका कम हो जाएगी। इसके पहले 13 दिसंबर 2018 को चीन के इन प्रोडक्ट्स पर भारत ने 5 साल के लिए यह ड्यूटी लगाई थी, जिसे अगले 5 सालों के लिए बढ़ा दिया है। एंटी-डंपिंग शुल्क लगाने के इस फैसले पर वित्त मंत्रालय ने कहा कि चीन काफी समय से डंपिंग प्राइस यानी लागत से कम कीमतों पर भारत को स्टील बेचता रहा है। इसी महीने स्टील सेक्रेटरी नरेन्द्र नाथ सिंह ने कहा था कि भारत चीन के स्टील डंपिंग की निगरानी काफी समय के कर रहा था। अप्रैल-जुलाई क्वार्टर के दौरान साउथ कोरिया के बाद चीन भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्टील एक्सपोर्टर रहा है। चीन ने इस दौरान 6 लाख टन स्टील भारत को बेचा है। यह आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले 62त्न ज्यादा है। इस दौरान भारत ने चीन से 20 लाख टन फिनिश्ड स्टील इंपोर्ट किया है। यह 2020 से बाद सबसे ज्यादा और पिछले साल के मुकाबले 23त्न ज्यादा है।डंपिंग का मतलब कूड़ा फेंकना होता है। जब कोई देश किसी प्रोडक्ट को उस देश की डोमेस्टिक मार्केट से कम कीमतों पर बेचता है, तो इसे डंपिंग कहा जाता है। उदाहरण के लिए, अगर भारत में स्टील की कीमत 60,000 रुपए प्रति टन है; लेकिन और जरूरत के लिए चीन से स्टील इंपोर्ट किया जाता है, तो चीन इसे 30,000 रुपए प्रति टन की रेट में दे देता है। इस कंडीशन में कहा जाएगा कि चीन अपने स्टील को भारत में डंप कर रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण चीन की लाइट्स और खिलौने हैं।



## टू-स्पोक स्टीयरिंग व्हील वाली कार लॉन्च


**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स ने न्यू जनरेशन नेक्सॉन ईवी को लॉन्च कर दिया है। कंपनी का दावा है कि यह नई सब-4 मीटर इलेक्ट्रिक एसयूवी फुल चार्ज पर 465 किमी की रेंज देती है। ये भारत की पहली टू-स्पोक स्टीयरिंग व्हील वाली कार है। कंपनी ने नेक्सॉन एसयूवी के एक्सटीरियर और इंटीरियर डिजाइन को अपडेट किया है। साथ ही कार में नए कलर और 60 से ज्यादा कनेक्टिंग (कंफर्ट और सेफ्टी) फीचर एड किए गए हैं। सेगमेंट में इसका मुकाबला महिंद्रा एक्सयूवी 400 से है। टाटा ने इसे 14.74 लाख रुपए की शुरुआती एक्स शोरूम कीमत पर पेश किया है, जो टॉप वैरिएंट में 19.94 लाख रुपए तक जाती है। नेक्सॉन ईवी की बुकिंग शुरू हो चुकी है। बायर्स इसे 21 हजार रुपए की टोकन मनी देकर ऑफिशियल वेबसाइट से या डीलरशिप पर जाकर बुक कर सकते हैं। नई नेक्सॉन ईवी को 7 कलर ऑप्शन के साथ तीन अलग-अलग ट्रिम और दो वैरिएंट में पेश किया गया है। इसमें क्रिएटिव, फियरलेस और इमपावर्ड ट्रिम शामिल हैं, इनके साथ मिड और लॉन्ग रेंज वैरिएंट का ऑप्शन दिया गया है।



# उपराष्ट्रपति शहर में, सुबह से दोपहर तक बदले रहे रास्ते

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

उप राष्ट्रपति जयदीप धनखड़ आज 15 सितंबर को भोपाल प्रवास पर हैं। वह माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय एवं शोध संस्थान में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल हुए हैं। उपराष्ट्रपति के भोपाल आगमन पर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। आज सुबह 9.45 से दोपहर 13.30 बजे तक उपराष्ट्रपति के स्टेट हैंगर से माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय तक आवागमन के दौरान यात्री बसों का शहर के भीतर प्रवेश प्रतिबंधित किया गया। इंदौर, उज्जैन, राजग?-ब्यावरा की तरफ से आने वाली यात्री बसें हलालपुर बस स्टैंड पहुंचीं। नादरा बस स्टैंड जाने वाली बसें मुबारकपुर बायपास, गांधी नगर तिराहा, करोंद, बेस्ट प्राइज से जेपी नगर तिराहा होकर नादरा पहुंची।




## यह बने वैकल्पिक मार्ग

नए शहर से प्रभात चौराहा, जेके रोड, रत्नागिरी, अयोध्या बायपास, भानपुर, करोंद चौराहा, गांधी नगर तिराहे की तरफ आवागमन के लिये खुला रहा। नए भोपाल से पुराने शहर जाने के लिए रोशनपुरा चौराहे से कंट्रोल रूम, लिली टाकीज, काली मंदिर, मोती मस्जिद, रायल मार्केट, भारत टाकीज, हमीदिया रोड की तरफ आवागमन जारी रखा गया। । इस दौरान विमानतल की तरफ जाने वाले वाहन रोशनपुरा से भारत टाकीज, रेलवे स्टेशन हमीदिया रोड, करोंद चौराहा, गांधी नगर होकर निकले।

### संबंध सुधारने के लिए कोर्ट से मिला था एक महीने का समय, फिर भी पति करता था परेशान

# फांसी लगाने से एक दिन पहले महिला ने लिखा था सुसाइड नोट, फंसने के डर से पति भी फंदे पर झूला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**सूखी सेवनिया में एक साथ फांसी लगाकर खुदकुशी करने वाले दंपति के शवों का पीएम कराने के बाद लाशें परिजनों को सौंप दी गई, जिनका घरवालों ने अंतिम संस्कार कर दिया। घटना स्थल से मिला सुसाइड नोट महिला ने लिखा था, जिसमें उसने पति पर बच्चे नहीं होने पर ताना कसने और मारपीट करने जैसे कई प्रकार के आरोप लगाए हैं। पुलिस का अनुमान है कि पत्नी को फांसी पर लटका देख पुलिस केस में फंसने के डर से पति ने भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली होगी। हालांकि अभी तक दोनों पक्षों के बयान नहीं हो पाए हैं।**

थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि नरेश गौ? (38) ग्राम पिपलिया जाहीर पीर में रहता था और ड्रायवरी करता था। करीब पांच साल पहले वर्षो 2018 में उसकी शादी ग्राम अमोनी में रहने वाली रीता ठाकुर से हुई थी, लेकिन उनकी कोई संतान नहीं थी। बुधवार दोपहर करीब बारह बजे दंपति घर पर थे, जबकि नरेश की मां सरस्वती मंदिर गई थी। करीब एक घंटे बाद सरस्वती लौटी तो बेटे और बहू के कमरे का दरवाजा बंद मिला। काफी प्रयास करने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो उन्होंने दूसरे बेटे को बताया, जिसने प?ौसी जितेंद्र साहू को घर भेजा। जितेंद्र ने कबेलू हटाकर देखा तो अंदर दोनों फांसी के फंदे पर लटके दिखे। उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिए थे। गुरुवार को दोनों का पीएम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए, जिनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### पत्नी के बाद पति ने लगाई होगी फांसी

टीआई ने बताया कि अभी तक दोनों ही पक्षों के बयान नहीं हुए हैं, लेकिन परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर अनुमान है कि पहले पत्नी ने फांसी लगाई होगी। पति को लगा कि अब वह पुलिस से नहीं बच पाएगा तो उसने भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली होगी। हालांकि जांच पूरी होने और तथ्यों के सामने आने के बाद ही पूरे मामले का सही खुलासा हो सकेगा।

### महिला ने एक दिन पहले लिखा था सुसाइड नोट

टीआई नवीन कुमार ने बताया कि घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया था। यह सुसाइड नोट रीता ठाकुर ने लिखा था, जिसकी पुष्टि उसकी बहन ने की है। रीता ने सुसाइड नोट में लिखा कि बच्चे नहीं होने के कारण नरेश उसे ताना मारता रहता था। इसके साथ ही वह मारपीट भी करता था। उनसे कोर्ट में भरण पोषण का केस लगाया था, जो विचाराधीन है। करीब एक महीने पहले काउंसलिंग के दौरान कोर्ट ने साथ रहकर संबंध सुधारने की मोहलत दी थी, जिसके चलते वह सुसराल में रहने आई थी, लेकिन नरेश की की आदतों में कोई बदलाव नहीं आया। वह लगातार उसे पहले की तरह परेशान कर रहा है।



### पुलिसकर्मी के बेटे ने फांसी लगाने का किया प्रयास, डायल 100 में तैनात टीम ने बचाया

**भोपाल।** रातीबढ़ थाना क्षेत्र स्थित नीलबढ़ में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। वह शराब के लिए मां से पैसा मांग रहा था। मां ने रुपए देने से इंकार किया तो उसने नाराज होकर खुद को कमरे में बंधक बना लिया और धमकी देने लगा। मां ने डायल 100 पर मामले की जानकारी दी थी। जिसके बाद में डायल 100 में पहुंचे प्रधान आरक्षक प्रदीप नाथ ने युवक की जान बचा ली।

पुलिस के मुताबिक हरि नगर नीलबढ़ निवासी अमन मांडरे (21) अपनी मां और एक भाई के साथ रहता है। मां प्राइवेट स्कूल में टीचर हैं जबकि पिता पुलिसकर्मी हैं। आपसी विवाद के चलते पिता अलग रहते हैं। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात अमन शराब के नशे में घर लौटा था। मां ने शराब पीने का विरोध किया तो वह विवाद करने लगा। कुछ देर में अमन ने मां से कहा कि उसे पैसे चाहिए, उधारी चुकाना है। मां ने कहा कि उधारी नहीं बल्कि शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा है। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और अमन ऊपर वाले कमरे में चला गया। वहां उसने छत के कुंदे में रस्सी बांध ली और मां को आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। इस बीच मां ने डायल 100 पर पुलिस को सूचना दे दी। जानकारी मिलते ही डायल 100 में ड्यूटी कर रहे पदस्थ प्रधान आरक्षक प्रदीप नाथ और पायलट अजय वर्मा मौके पर पहुंच गए और फांसी लगाने का प्रयास कर रहे अमन की जान बचाई। प्रधान आरक्षक का कहना है कि शराब के नशे में युवक घर में रखे हुए दो गैस सिलेंडर (भरे हुए) ऊपर वाले कमरे में ले गया था। वह मां से पूरे घर में सिलेंडर में आग लगाकर उ?ाने की धमकी दे रहा था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों सिलेंडर नीचे उतार लिए और अमन मांडरे को समझाइश देकर शांत कराया। अपने अपने पास एक माचिस भी रखा जिससे वह किसी ब?ी वारदात को अंजाम दे सकता था।

### गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया, परिजन ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की, नतीजा सिफर

# गौरव शाक्य हत्याकांड, एक महीने बाद भी पुलिस के हाथ नहीं लगे हत्यारे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नंबर एक के बाहर युवक की चाकू गोदकर हत्या करने वाले हत्यारों को एक महीने बाद भी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ट्रेन पकड़कर भोपाल से बाहर निकल गए। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से दुखी परिजन इलाके में कैंडिल मार्च निकाल चुके हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गुहार लगा चुके हैं। बावजूद इसके पुलिस हत्यारों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस की दलील है कि जबलपुर और दिल्ली में पुलिस की टीम दबिश दे चुकी है, लेकिन आरोपी नहीं मिले।

### पिता के नाम पर है संपत्ति

पुलिस उक्त मामले में आठ लोगों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर चुकी है। पुलिस ने धाराएं और ब?ाते हुए एट्रोसिटी एक्ट की धारा भी हत्यारों के खिलाफ लगाई है। हत्या का मुख्य आरोपी यश अग्रवाल इलाके का निगरानी बदमाश है। उस पर पूर्व में डे? दर्जन अपराध दर्ज है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जिला बदर की कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को लिखा है। पुलिस उसकी संपत्ति के बारे में भी पता लगा चुकी है, लेकिन उसके नाम पर कोई भी संपत्ति नहीं है। चांदब? स्थित आरोपी का मकान भी पिता के नाम पर है।

### ...तो हो सकती थी गिरफ्तारी

हत्या 14 अगस्त की देर रात हुई थी। पंद्रह अगस्त को आरोपी फरार हो गए। पुलिस समय रहते आरोपियों के घर और इलाके में दबिश देती तो आरोपी गिरफ्त में आ सकते थे, लेकिन दुर्भाग्यवश परिजन और मृतक के दोस्त भी पुलिस को आरोपियों के बारे में देरी से बता सके और आरोपियों को भागने का मौका मिल गया। उल्लेखनीय है कि गौरव शाक्य पिता स्वर्गीय दीपक शाक्य (23) चांदब? में रहता था। वह आरटीओ एजेंट का काम करता था। सोमवार 14 अगस्त की देर रात वह अपने साथी ध्रुव अहिरवार के साथ छोला मंदिर गया था। छोला मंदिर में गौरव ने समिति के साथ मिलकर गणेश प्रतिमा का आर्डर दिया था। मूर्ति देखकर गौरव और ध्रुव होटल रोज पहुंचे और टेबल के पास लगी कूर्सी पर बैठ गए। गौरव ने खाने का आर्डर देने वेटर को आवाज दी। बगल की टेबल पर बैठे कुछ युवकों ने गौरव से गालीगलौज शुरू कर दी। गौरव और ध्रुव ने उन्हें गाली देने से मना किया तो एक बदमाश ने पानी का जग उठाकर ध्रुव के सिर पर दे मारा। आरोपी कहने लगे कि बाहर चलों देखते हैं। गौरव और ध्रुव बाहर निकले तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों से बचकर गौरव भागकर स्टेशन की बाउंड्री के अंदर पहुंच गया। आरोपियों ने मारपीट के दौरान गौरव के बाएं पैर की जांघ और हाथ में चाकू से हमला कर दिया था। खून से लतपथ गौरव आरोपियों से बचकर जीआरपी थाने के गेट के पास तक पहुंच गया था। पैर में गंभीर चोट और खून अधिक बहने के कारण वह गेट के पास ही बेसुध होकर गिर गया। जीआरपी गेट के पास गौरव को जाता देख आरोपी मौके से भाग निकले।

**मेट्रो एंकर** | आज से शुरू हुए ऑनलाइन आवेदन, 20 सितंबर अंतिम तारीख

# प्रदेश के सीएम राइज और एक्सीलेंस स्कूलों में प्राचार्य बनने देना होगा इंटरव्यू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश में संचालित सी.एम. राइज स्कूलों एवं जिला उत्कृष्ट विद्यालयों में प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इन स्कूलों में प्राचार्य के लिए सरकारी स्कूलों में कार्यरत प्राचायों से आवेदन बुलाए गए हैं। इसको लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने विज्ञापन जारी किया है।

सी.एम. राइज स्कूलों एवं जिला उत्कृष्ट विद्यालयों में प्राचार्य के रिक्त पदों एवं नवीन प्रारंभ होने वाले विद्यालयों में इंटरव्यू के माध्यम से प्राचार्य के पदों को भरा जाएगा। वहीं जो प्राचार्य पहले इन स्कूलों में पदस्थ है, उन्हे भी इस प्रक्रिया से गुजरना होगा, तभी वह इस पद पर रह पाएंगे। इसके लिए आवेदन 15 सितंबर से 20 सितंबर तक ऑनलाइन भरे जा सकेंगे। विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि इन स्कूलों में पदस्थापना नियमित प्राचार्यों से की जा रही है, किसी प्रकार की नवीन नियुक्ति नहीं की जा रही है, इसलिए आरक्षण की आवश्यकता नहीं है।

### 3 साल रहेगा कार्यकाल, काम अच्छा तो होगी अवधि में वृद्धि

चयनित अमले का कार्यकाल न्यूनतम 3 वर्ष रहेगा 3 वर्ष उपरांत संबंधित के कार्य के मूल्यांकन के आधार अवधि में वृद्धि की जा सकेगी। अपरिहार्य परिस्थितियों, कार्य में अक्षमता की स्थिति न्यूनतम अवधि के पूर्व भी स्थानान्तरण किया जा सकेगा। चयन के बाद पदस्थापना के लिए विद्यालयों का प्राथमिकता क्रम की सुविधा दी जाएगी।




फाइल फोटो

### 50 अंको का होगा इंटरव्यू, 59 वर्ष से अधिक उम्र न हो

आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इंटरव्यू कराए जाएंगे। यह इंटरव्यू 50 अंकों का होगा। इसके साथ ही प्राचार्य पद को पाने के लिए आवेदक को कुछ अन्य अर्हताएं भी पूरी करनी होगी। जिसमें 1 सितंबर 2023 की स्थिति में आयु 59 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### ऐसे मिलेंगे 50 अंक

आवेदक के स्कूल के बीते 3 सालों के कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम के औसत का 30 प्रतिशत देखा जाएगा, जिसके लिए 30 अंक निर्धारित किए गए हैं। साक्षात्कार के 10 अंक, एमएड के 5 अंक, पुरस्कार - जिला स्तरीय के 2, राज्य स्तरीय के 3 एवं राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कार होने पर 5 अंक दिए जाएंगे। दो या दो से अधिक पुरस्कार होने की स्थिति में केवल उच्च स्तर के पुरस्कार के अंक ही मान्य होंगे। इसके साथ ही अन्य मापदंड भी तय किए गए हैं।

**इंजीनियरिंग-डे**



भोपाल। इंजीनियरिंग-डे पर डिप्लोमा इंजीनियरों ने माल्याअर्पण किया। म.प्र. डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने अपनी मांगो को लेकर अम्बेडकर मैदान पर धरना भी दिया।

### दबंगों द्वारा दलित से मारपीट और मुंह पर पेशाब : कमिश्नर को जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के तीन मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला दबंगों द्वारा दलित से मारपीट करने और मुंह पर पेशाब करने का है। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है।

आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल के सूखीसेवनियां थानाक्षेत्र में बीते रविवार को जमीन के विवाद में सरपंच पति अपने साथियों के साथ मिलकर पी?ित को अगवा कर लिया और बाद में उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की। इतना ही नहीं, जब वह बेहोश होने लगा, तो उसके मुंह पर पेशाब कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**नाबालिग का शव नाले में मिला :** भोपाल शहर के गौतमनगर थानक्षेत्र में श्रद्धानगर नारियलखे?ा निवासी एक 15 वर्षीय नाबालिग मोहम्मद अशरफ का शव नेवरी के नाले में मिला। नाबालिग कुछ दिनों से लापता था। मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर से प्रकरण की जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

### 25वीं बटालियन के आरक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित बी ब्लॉक, 25वीं बटालियन में आरक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। प्रधान आरक्षक मिलन सिंह ने बताया कि प्रदीप तिवारी पिता स्वर्गीय सुरेश कुमार तिवारी (34) बी ब्लॉक भद्भदा में रहता था और 25वीं बटालियन में आरक्षक था। उसके साथ परिवार में पत्नी और बच्चा रहता है। पत्नी ने पुलिस को बताया कि प्रदीप अक्सर बीमार रहता था। गुरुवार सुबह उसे चक्कर आए और वह चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां इलाज के दौरान करीब पोने बारह बजे के आसपास प्रदीप की मौत हो गई।

**ज्योतिष परामर्श**

**ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें**

श्रुति रावत
ज्योतिषाचार्य व कुंडली विशेषज्ञ
व्हाट्सएप नं. 7869267010
कॉलिंग नंबर 7415497010



shrutirawat16@gmail.com

परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022